# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, मंगलवार 17 दिसम्बर 2024 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 13, अंक 341




तथ्यों को तोड़मरोड़ कर नेहरू को बदनाम... ● लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र ● बदलाव के दौर से गुजर रही है भारतीय टीम...

## मथुरा-छपरा एक्सप्रेस की बोगी के ब्रेक में लगी आग

**बैतालपुर।** छपरा-मथुरा एक्सप्रेस ट्रेन में एक तकनीकी समस्या के कारण अफ़रा-तफ़री मच गई। यह घटना बैतालपुर-गौरीबाजार रेलवे स्टेशन के बीच पुजारभिंडा गांव के पास हुई। ट्रेन के एक सामान्य बोगी का ब्रेक जाम हो गया जिससे उसमें से धुआं निकलने लगा। यह देखकर यात्रियों में घबराहट फैल गई और ट्रेन करीब 30 मिनट के लिए रुकी रही। छपरा-मथुरा एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22531) देवरिया सदर रेलवे स्टेशन से सुबह रवाना हुई थी।

जैसे ही ट्रेन पुजारभिंडा गांव के पास पहुंची ट्रेन के कोच संख्या 201088 के पहिए से अचानक धुंआ निकलने लगा। लोको पायलट ने इस समस्या को महसूस किया और तुरंत वाकी टाकी के जरिए गार्ड से संपर्क किया। दोनों ने मिलकर ट्रेन को तत्काल रोकने का फैसला लिया। गाड़ी को रोकने के बाद गार्ड ने तुरंत अग्नि शमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) से धुंआ बुझाया। इसके बाद बोगी का जाम ब्रेक रिलीज किया गया। तकनीकी खराबी के बाद ट्रेन करीब 30 मिनट तक रुकी रही।

# 1947 से अब तक संभल में 209 हिंदुओं की हुई हत्या: सीएम योगी

### किसी ने 2 शब्द नहीं कहे, हाल में मारे गए लोगों पर आंसू बहा रहे

एजेंसी

**लखनऊ।** संभल हिंसा पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी दलों को आइना दिखाते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कहा कि 2017 से लेकर अब तक प्रदेश में सांप्रदायिक दंगों में 97 से 99 फीसदी तक की कमी आई है।

श्री योगी ने कहा कि 2017 से अब तक यूपी में दंगे नहीं हुए हैं, जबकि 2012 से 2017 के बीच अखिलेश यादव सरकार के कार्यकाल मेंप्रदेश में 815 सांप्रदायिक दंगे और 192 लोगों की मौत हुई। 2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, इसमें 121 लोगों की मौत हुई। उन्होने कहा कि आखिर तथ्यों को छिपाकर कब

● विधानसभा में सीएम योगी ने सपा और विपक्ष को दिखाया आईना



तक जनता को गुमराह करेंगे। संभल में न्यायालय के आदेश पर सर्वे हो रहा था। जयश्रीराम सांप्रदायिक संबोधन नहीं है। राम के बिना हमारा कोई काम ही नहीं है। यदि जयश्रीराम बोलने पर उत्तेजना से नीयत सभी लोग समझ सकते हैं। श्री योगी ने कहा कि कुंदरकी की जीत वोट की लूट कहना सदस्य का अपमान है। वहां सपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। आज डिजिटल मीडिया का समय है। वहां का पठान और शेख कह रहा है कि हमारे पूर्वज हिंदू थे। आपके पूर्वज भी हिंदू थे। यह देशी-विदेशी मुसलमानों की आपसी भिड़ंत है, जो वर्चस्व की लड़ाई को लेकर चल रही है। सपा पर हमलावर योगी ने कहा कि सच पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सूर्य, चांद और सत्य को बहुत देर तक कोई छिपा नहीं सकता, सत्य जल्द सामने आएगा।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के बयान पर उन्होने कहा कि बाबर नामा भी कहता है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर ढांचा खड़ा किया गया। पुराण भी कहता है कि श्रीहरि विष्णु का दसवां अवतार संभल में होगा।

## नक्सलवाद खत्म होने पर छत्तीसगढ़ में कश्मीर से ज्यादा पर्यटक आएंगे: शाह

**बीजापुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा है कि नक्सलवाद खत्म होने पर छत्तीसगढ़ में कश्मीर से ज्यादा पर्यटक आएंगे। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ दौरे के दूसरे दिन ने गुंडम दौरे के दौरान इस आशय की बात कही। उन्होंने यह भी दावा किया कि 31 मार्च 2026 के बाद लोग कहेंगे बस्तर बदल गया है। गलत रास्ते पर गए लोग (नक्सली) सरेंडर करें, हिंसा करेंगे तो हमारे जवान आपसे निपटेंगे।

श्री शाह के साथ इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद थे। गुंडम में श्री शाह पेड़ के नीचे बैठकर ग्रामीणों से मुलाकात भी की। मंत्री शाह के दौरे को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा बल तैनात हैं। श्री शाह आज शाम सीक्रेट मीटिंग में भी शामिल होंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, श्री शाह ग्रामीणों के साथ मुलाकात के बाद अपराह्न तीन बजे जगदलपुर से रायपुर आएंगे। शाम चार बजे मंत्री शाह मेफेयर रिजॉर्ट पहुंचेंगे। शाम 4.15 बजे तक सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक में शामिल होंगे।

# पटना के बापू सेंटर में हुई बीपीएससी की परीक्षा रद्द

### आयोग ने लिया बड़ा फैसला

एजेंसी

**पटना।** बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा के दौरान हुए हंगामे के बाद आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, पटना के बापू सेंटर में हुई परीक्षा रद्द कर दी गई है। आयोग का कहना है कि जल्द ही परीक्षा को लेकर नई तारीखों को ऐलान होगा। इस परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू नहीं होगा।

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा शुक्रवार को आयोजित परीक्षा के दौरान पटना के बापू परीक्षा परिसर में अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया था। अभ्यर्थियों ने परीक्षा हॉल से बाहर निकलकर उन्होंने आरोप लगाया कि प्रश्नपत्र लीक हो गया है। परीक्षा केंद्र के बाहर भी भारी भीड़ जमा हो गई थी। वहीं हंगामे के दौरान एक अधिकारी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई, जिसके संबंध में मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की गई है। इस संबंध में पटना डीएम ने




रविवार को आयोग को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। जांच में पता चला कि असामाजिक तत्वों ने परीक्षा को रोकने की कोशिश की और अफवाह फैलाई। पटना डीएम की रिपोर्ट में कहा गया है कि परीक्षा के दौरान हंगामा करने वालों में कुछ असामाजिक तत्व भी शामिल थे। उनका एक ग्रुप परीक्षा भवन के बाहर भी मौजूद था। ये लोग बाहर से हंगामा करने के लिए तैयार थे। ये लोग एग्जाम कैंसिल करवाना चाहते थे। इन पर अब हत्या का केस दर्ज होगा। वहीं जिला प्रशासन ने रविवार को हत्या का मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की।

## आज लोकसभा में पेश होगा एक देश, एक चुनाव बिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक देश, एक चुनाव से जुड़ा बहुप्रतीक्षित बिल कल (मंगलवार, 17 दिसंबर) दोपहर लोकसभा में पेश किया जाएगा। सरकार से जुड़े सूत्रों ने ये जानकारी दी है। कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल लोकसभा में एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक पेश करेंगे।

पहले, इस बिल को 16 दिसंबर की कार्यसूची में सूचीबद्ध किया गया था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सरकार ने विधेयक की प्रतियां सांसदों को पहले ही वितरित कर दी हैं ताकि वे इसका अध्ययन कर सकें। बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। अगर यह विधेयक 17 दिसंबर को पेश नहीं किया जाता है तो सरकार के पास इस सत्र में विधेयक पेश



करने के लिए केवल तीन दिन ही शेष रहेंगे।चर्चा है कि सरकार बिल पेश करने के बाद इस पर आम सहमति बनाने के लिए इसे संयुक्त संसीद समिति को भेज सकती है। अब खबरें आई हैं कि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मंगलवार को संसद के निचले सदन में संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा के क्रियान्वयन के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक को गत 12 दिसंबर को मंजूरी दी थी। मंत्रिमंडल ने दो मसौदा कानूनों को मंजूरी दी है, जिसमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव से जुड़ा है। संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत, जबकि दूसरे विधेयक के लिए सदन में सामान्य बहुमत की आवश्यकता होगी। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली एक उच्चस्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ-साथ चरणबद्ध तरीके से नगर निकाय और पंचायत चुनाव कराने का भी प्रस्ताव दिया था।

# सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, छह घायल

एजेंसी

**बलोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सोमवार की सुबह ट्रक और यात्री कार के बीच जोरदार टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इसबीच राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को घायलों के बेहतर इलाज करने के भी निर्देश दिए हैं। मृतकों में एक बच्चा, चार महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं।

बाकी छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें राजनांदगांव जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह दुर्घटना आज सुबह डोंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भानुप्रतापपुर-



दल्लीराजहरा मार्ग पर चौरापावड़ के पास हुई। जहां तेज रफ्तार ट्रक ने एक अन्य वाहन को जोरदार टक्कर मारी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अशोक जोशी ने बताया कि घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही कार को टक्कर मार दी, जिससे छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। एएसपी जोशी ने कहा कि आरोपी ट्रक चालक मौके से भाग गया और उसकी तलाश जारी है। ट्रक और कार की टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घंटों तक कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। कार में सवार लोग डौंडी में कुम्भकार में किसी रिश्तेदार के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गुरेदा गांव लौट रहें थे। श्री विष्णु देव सांय ने ट्वीट कर बालोद जिले के भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि समाचार अत्यंत दु:खद है। दुर्घटना में कुछ अन्य लोगों के घायल होने की भी खबर है। श्री साय ने कहा कि जिला प्रशासन को घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से दिवंगतों की शांति व घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ।

# निर्भया से लेकर अभया मामले का जिक्र

### महिला विरोधी अपराध रोकने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए दोषियों का क्लीनिकल बधियाकरण सहित देशव्यापी अन्य दिशा-निर्देश निर्धारित करने की एक जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने सुप्रीम कोर्ट महिला अधिवक्ता संघ की इस याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महालक्ष्मी पवनी ने दलील देते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्नोग्राफी की उपलब्धता पर प्रतिबंध



लगाने और क्लीनिकल बधियाकरण लाने के लिए कड़े उपाय लाने की जरूरत है। उन्होंने 16 दिसंबर 2012 के दिल्ली सामूहिक बलात्कार मामले की बरसी का जिक्र करते हुए कहा कि कई मामलों में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने निर्भया से लेकर अभया मामले का भी जिक्र किया और आगे कहा कि कई कड़े कानून और दंड हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या उनका क्रियान्वयन हो रहा है इसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले की जांच करने पर सहमति जताई। याचिका में महिलाओं, बच्चों और तीसरे लिंग के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए पैरेंस पैट्रिया के सिद्धांत को लागू करने का अनुरोध किया, जिसमें सुरक्षा, सुरक्षित कार्यस्थल, पर्याप्त स्वच्छता, व्यक्तिगत गरिमा, शारीरिक अखंडता और सुरक्षित वातावरण का अधिकार शामिल है। याचिकाकर्ता ने अन्य बातों के अलावा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में शामिल सभी दोषियों को रासायनिक बधियाकरण की सजा देने के अलावा आजीवन कारावास और मृत्युदंड की सजा पाने वाले दोषियों के लिए स्थायी बधियाकरण का प्रावधान करने के लिए कड़े कानून लाने का निर्देश देने की मांग की है।

## बांसुरी स्वराज के खिलाफ सत्येंद्र जैन दर्ज करवाया मानहानि का केस

**नयी दिल्ली।** बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफदिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आपराधिक मानहानि को लेकर नोटिस जारी किया है। बांसुरी के खिलाफ यह याचिका आम आदमी पार्टी के नेता, पूर्व मंत्री और विधायक सत्येंद्र जैन ने फाइल करवाई है। याचिका दायर होने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने यह नोटिस जारी किया। सत्येंद्र जैन ने बांसुरी स्वराज पर आरोप लगाते हुए कहा कि 5 अक्टूबर, 2023 को एक टीवी इंटरव्यू के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। इस संबंध में कोर्ट ने ने स्वराज को 20 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है। इसी दौरान ही कोर्ट इस मामले में सत्येंद्र जैन और उनके दो गवाहों के बयान दर्ज करेगी।






# जब संविधान लागू हुआ तब आरएसएस ने किया था विरोध

### ऐसे लोग आज हमें पाठ पढ़ा रहे हैं: मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जो लोग राष्ट्रीय ध्वज और संविधान का अपमान करते हैं, वो हमें संविधान का पाठ पढ़ा रहे हैं।

राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष खरगे ने अपने संबोधन में कहा, 1949 में आरएसएस नेताओं ने भारत के संविधान का विरोध किया क्योंकि यह मनुस्मृति पर आधारित नहीं था। न तो उन्होंने संविधान को स्वीकार किया और न ही तिरंगे को स्वीकार



किया। 26 जनवरी 2002 को पहली बार मजबूरी में आरएसएस मुख्यालय पर तिरंगा फहराया गया था क्योंकि अदालत का आदेश था। उन्होंने कहा कि जो लोग राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते हैं, संविधान का अपमान करते हैं, जिस दिन संविधान लागू हुआ उस दिन इन्होंने महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर का पुतला जलाया, अब वो लोग हमें संविधान का पाठ पढ़ा रहे हैं। जो देश के लिए लड़े नहीं, वो आजादी और संविधान का महत्व क्या समझेंगे। संविधान सभा की बहसों से यह स्पष्ट है कि आरएसएस के तत्कालीन नेता संविधान के खिलाफथे। जो लोग झंडे, अशोक चक्र और संविधान से नफरत करते थे, वे आज हमें संविधान का पाठ पढ़ा रहे हैं। ऐसे लोग अब देश के लिए जान देने वालों के खिलाफबोलते हैं। मल्लिकार्जुन खरगे ने बांग्लादेश की आजादी का जिक्र करते हुए इंदिरा गांधी को याद किया। उन्होंने कहा कि आज 16 दिसंबर है, जो बांग्लादेश का लिबरेशन डे है। हमारी बहादुर नेता इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके बांग्लादेश बनाया था और देश की शान पूरी दुनिया में बढ़ाई थी। आयरन लेडी रही इंदिरा गांधी ने ऐसा करके दिखा दिया था कि हमारे देश के नजदीक जो भी आएगा, उसकी खैर नहीं। लेकिन आज बांग्लादेश के जैसे हालात हैं, सरकार के लोग उसे आंख खोल कर देखें और वहां के अल्पसंख्यकों को बचाने का प्रयास करें। संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में बोलते हुए खरगे ने जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी का नाम लेकर निर्मला सीतारमण और भाजपा नेताओं पर तंज कसा।

# जंगल कौड़िया में बढ़ते अपराध की रोकथाम के लिए एसपी नॉर्थ की पहल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जंगल कौड़िया/गोरखपुर।** चौकी क्षेत्र में बढ़ते अपराध की रोकथाम के लिए एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने जंगल कौड़िया में एक जन संपर्क बैठक का आयोजन किया, जिसमें चौकी क्षेत्र में हो रहे आपराधिक मामलों में बढ़ोतरी को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में लगभग 214 अपराधिक और गैर-अपराधिक मामलों की समीक्षा की गई।

एसपी नॉर्थ ने जनता की भागीदारी और समझदारी से आपराधिक मामलों को कम करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने फर्जी मुकदमे, जमीन संबंधित मामले, एक्सीडेंट संबंधित समस्याएं, और अवैध शराब बिक्री जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया। इस बैठक की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इसमें महिलाओं ने भाग लिया और एसपी नॉर्थ से अपनी बातों को खुलकर कहा। एसपी नॉर्थ ने भी पूरी संभव मदद करने की अपनी वचनबद्धता को बार-बार जनता के सामने दर्शाया। इस बैठक के माध्यम से एसपी नॉर्थ ने जनता को यह संदेश दिया कि पुलिस प्रशासन अपराध की गतिविधियों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से सहयोग करने की अपील की और कहा कि यदि किसी को अपराध की गतिविधियों के बारे में जानकारी है तो वह पुलिस को सूचित करे। इस दौरान थाना प्रभारी पीपीगंज धर्मेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी जंगल कौड़िया विकास मिश्रा समेत प्रबुद्ध नागरिक हरिकेश पासवान, पारसध्वज सिंह, बीएन सिंह, मोनू, रवि प्रताप सिंह, अरुण कुमार रावत मौजूद रहे।

# धान का उठान न होने से तौल प्रभावित

शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** मण्डी समिति आनन्दनगर में धान का उठान न से किसानों का तौल प्रभावित हो गया है जिससे तौल की गति धीमी हो गई है। इस सम्बन्ध में एरिया मार्केटिंग अधिकारी पवन कुमार अग्रहरि ने बताया है कि अब तक लगभग बारह हजार कुंतल धान की तौल की जा चुकी है। किसानों को तौल के लिए क्रमवार बुलाया जा रहा है। मण्डी सचिव हिमालय प्रसाद ने बताया है कि धान की तौल एक नवंबर से शुरू हुआ है लगन से किसान प्रभावित थे जैसे ही उनको फुर्सत मिली है धान की तौल करवाने में किसान लग गए हैं।



मण्डी समिति आनन्दनगर में कुल चार कांटे लगाएं गये है। चारों कांटों पर तौल जारी है। किसानों को तौल करवाने में किसी तरह की असुविधा नहीं हो रही है। सूत्रों का कहना है कि अन्य बनाये गये धान क्रय केंद्र तौल नहीं कर रहे जिससे मण्डी समिति आनन्दनगर में तौल करने को लेकर किसानों की भीड़ बढ़ती जा रही है। फिर भी किसानों के धान की खरीददारी जारी है। अंत में एरिया मार्केटिंग अधिकारी पवन कुमार अग्रहरि ने बताया कि फरवरी तक धान की खरीददारी की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया है कि अविलंब धान का उठान होने वाला है फिर भी किसानों के तौल में कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

## संक्षिप्त सामाचार

### शादी का झांसा देकर प्रेमी ने प्रेमिका से बनाया शारिरिक संबंध कर रहा है अब शादी से इनकार

**महराजगंज।** पनियरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की रहने वाली एक युवती के पिता ने मुजुरी चौकी में तहरीर देकर बताया कि उसके ही गांव का रहने वाला एक युवक उसकी बेटी के साथ चोरी छुपके सालों से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना रहा था। उसने बताया बेटी की शादी भी किया था। लेकिन युवक के चक्कर में उसने ससुराल से भी रिश्ता तोड़ दिया। युवती लगभग पांच महीने की गर्भवती हैं।

इसकी जानकारी जब युवती के परिवार वालों को हुई तो उन लोगों ने युवती को युवक के घर भेज कर शादी का दबाव बनाया तो युवक और उसके परिवार वाले शादी करने से इंकार करने लगे लगे। उसके परिवार वाले शादी नहीं करना चाहते हैं। बात नहीं बनीं तो युवती के पिता ने मुजुरी चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में चौंकी प्रभारी मुजुरी अनिल कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### छात्र, छात्राओं के लिये डीसीए में विशेष छूट

**इटावा।** एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा, सीसीसी प्रमाण पत्र व ओ लेवल डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्राप्त करने का एक बार फिर मौका दिया जा रहा है। नाइलिट द्वारा एक बार फिर से प्रवेश की तिथि बढ़ाई गयी है। एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा डीसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर सभी वर्ग के छात्र, छात्राओं को योग्यतानुसार 40 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है तथा ओ लेवल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के उपरान्त 12000 तक की छात्रवृत्ति भी भारत सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी। उपरोक्त कोर्स में प्रवेश लेने हेतु अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर है।

उक्त आशय की जानकारी शम्सी इन्सटीट्यूट आफ इन्फारमेशन टैक्नोलाजी सिट के निदेशक मौलाना तारिक शम्सी ने देते हुए बताया कि उक्त पाठ्यक्रम एन.सी.पी.यू.एल. शिक्षा मंत्रालय तथा नाइलेट चण्डीगढ़ सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालित है तथा विभिन्न सरकारी सेवाओं में नौकरी हेतु मान्य है। उन्होंने बताया कि ओ लेवल डिप्लोमा तथा सीसीसी प्रमाण पत्र केन्द्र व प्रदेश सरकार के अन्तर्गत समस्त राजकीय सेवाओं में सेवायोजन हेतु अनिवार्य कर दिया गया है। इन प्रमाण पत्र के धारकों को ही सरकारी सेवा में मौके प्रदान किये जाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन सभी सरकारी विभागों में लिपिकीय संवर्ग में नियुक्ति हेतु सीसीसी पाठ्यक्रम अनिवार्य है। प्रवेश सम्बन्धी कार्यवाही के लिए 206, कटरा सेवाकली पर इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क कर अपनी प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित तिथि से पूर्व पूर्ण करा कर छूट का लाभ प्राप्त करें।

### वाहनों पर स्टंटबाजी का वीडियो

**इटावा।** सोशल मीडिया पर स्टंटबाजी करते हुए वायरल हो रहे वीडियो के आधार पर पुलिस ने दो वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत सख्त कार्रवाई की है। दोनों वाहनों का कुल 48, 500 रुपये का चालान किया गया है। पुलिस की सोशल मीडिया मानिटरिंग टीम लगातार ऐसे स्टंटबाजों पर नजर बनाए हुए है। हाल ही स्कार्पियों और सफारी कार पर स्टंट करते हुए युवकों पर एक वीडियो वायरल हुआ है जिसका संज्ञान लेते हुए प्रभारी यातायात को सूचित किया गया तत्परता दिखाते हुए इन वाहनों के खिलाफ एमवी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत चालान काटा गया। एसएसपी संजय कुमार ने अभिभावकों और आम जनता से अपील की है कि वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें और अपने बच्चों को भी स्टंटबाजी से दूर रखें।

# आनंदपाल गौतम अध्यक्ष और विशाल द्विवेदी महामंत्री निर्वाचित हुए



शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** ब्लॉक सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक कार्यकारिणी का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें आनंदपाल गौतम अध्यक्ष ,बेचू विश्वकर्मा उपाध्यक्ष , विशाल द्विवेदी महामंत्री , धीरेंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष , अनीश गुप्ता संगठन मंत्री , संजय कुमार भारती कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुये। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में जिला कार्यकारिणी द्वारा श्री जे डी अंसारी एवं ब्रजेन्द्र पटेल ने उम्मीदवारों से नामांकन पत्र दाखिल करवाकर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवायें। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकेश गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए उनको शुभकामनाएं दी।

ब्लॉक कार्यकरिणी का विस्तार करते हुए अध्यक्ष आनंदपाल गौतम ने श्रीचंद को ब्लॉक संरक्षक अरविन्द कुमार गौड़ को वरिष्ठ उपाध्यक्ष , डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह , शैलेश दुबे , अनिरुद्ध कुमार को उपाध्यक्ष , महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मुमताज फात्मा , संयुक्त महामंत्री कुँवर साहब यादव , संयुक्त मंत्री चन्द्रकेश यादव , अमरेन्द्र सिंह , राजवीर भारती एवं मुन्नीलाल प्रजापति , मनोज कुमार राम , अजय कुमार पांडेय और पुष्पा चौधरी को कार्यकारी सदस्य घोषित किया गया ।

# चिट फंड कंपनियों में जमा धन वापस करोः जाहिद अली

## आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**महाराजगंज।** आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जाहिद अली के नेतृत्व में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संघ ने निचलौल तहसील में धरना प्रदर्शन किया। पीएम को संदर्भित ज्ञापन नायब तहसीलदार को दिया और मांग किया की महाराजगंज जिले के लाखों लोगों का सहारा इंडिया,पीएसीएल, ।।क्ख्र्, जिला सहकारी, कैमुना,त्ब्ष्ट, कलपट, क्ष्टरुपल्स, विश्वामित्र इंडिया परिवार, जैसे हजारों चिट फंड कंपनियों में जमाधान वापस दिलाने की मांग को लेकर दिलाने की मांग की गई 21 फरवरी 2019 को संसद में कानून पास हुआ कि देश में जितने भी चिट फंड कंपनियां हैं उसमें देश के 42 करोड़ लोगों ने अपना पैसा जमा किया है उनको 2019 के अंतर्गत जमा धनराशि 180 दिन के अंदर भुगतान करना है और इस कानून को पूरे देश में लागू करना है लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक भुगतान नहीं हुआ और ना ही संसद में बने कानून को लागू किया गया देश की जनता परेशान है जनता की समस्याओं को देखते हुए चित फंड कंपनियों में जमा धन तत्काल भुगतान करने का आदेश दिया जाए प्रदर्शन के दौरान जिलाअध्यक्ष कृष्णमोहन गुप्ता, अमरनाथ ,आदिल ,मैनुद्दीन दशरथ, नर्वदेश्वर पटेल, अंबिका, वीरेंद्र, रामनारायण, समसुद्दीन

शिवमंगल ,सुरेंद्र मणि, सत्य प्रकाश, अली मोहम्मद, हीरा, समीर, सत्तार, बशीर, सरफुल्लाह, धारियां, रेखा, सायरा, तय्यब, भगवंत सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वनटांगियों के जीवन स्तर मे सुधार के लिए चल रहा है विशेष अभियान : डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता





**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपद के 18 वनटांगिया गांवो में आधारभूत सुविधायें उपलब्ध कराने एवं उनके जीवन स्तर को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से जनपद में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो 15 जनवरी, 2025 तक चलेगा।

उक्त बातें जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में वनटांगिया ग्रामवासियों के साथ एक बैठक कर कहा गया। उन्होंने शिविर का शुभारंभ पनियरा ब्लॉक अंतर्गत बरहवा वनटांगिया के ग्राम पंचायत भवन में दिनाक 18 एवं 19 दिसम्बर को किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे दो दिवसीय शिविर में उपस्थित रहकर वनटांगिया के लोगों के बेहतरी हेतु निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मातृत्व बाल सेवा योजना, इन्सपोसरशिप योजना, वृद्धवस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं से सबंधित समस्याओं का निराकरण करायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि इसीप्रकार अन्य 17 वनटांगिया ग्रामों में भिन्न-भिन्न तिथियों में शिविर के माध्यम से आगामी 15 जनवरी,2025 तक समस्त वनटांगिया ग्रामों को इन योजनाओं से संतृप्त किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अबसर पर अपर जिलाधिकारी (वी0/रा0), परियोजनाओं निदेशक डीआरडीए, डीएफओ, डीपीआरओ,दिव्यंगजन शशक्तिकरण अधिकारी सहित संबंधित विभगिय अधिकारी एवं वनटांगिया ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जीत वेलफेयर फाउंडेशन, उ0प्र0 की मासिक बैठक हुई संपन्न

◆ बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण,जन जागरूकता एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश JWF संस्था का प्रमुख लक्ष्य

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लालगंज/रायबरेली।** समाजसेवी संस्था जीत वेलफेयर फाउंडेशन,उत्तर प्रदेश की जिला इकाई रायबरेली की मासिक बैठक संस्था कार्यालय लालगंज के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में जनपद से जुड़े जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद रहे सभी की मौजूदगी में संस्था अध्यक्ष जितेंद्र सविता ने संस्था के कार्यो को लेकर सभी से वार्तालाप की एवं समाज के प्रति अन्य लोगों को भी जागरुक कर, समाज सेवा की अलख को जगाने की बात कहीं,साथ ही साथ उन्होंने बताया कि समाज हम सबका है और इसके उत्थान की भी जिम्मेदारी हम सबकी है ऐसे में यदि आम जनमानस भी समाज के उत्थान में अपनी भूमिका निभाएगा तो वह दिन दूर नहीं जब विकसित और जागरूक समाज का निर्माण बहुत जल्द हो जायेगा। इन्ही सब बातों के पश्चात रायबरेली जनपद की जिला इकाई को भंग कर समाज के सक्रिय प्रहरियों को जिम्मेवारी देने की बात कहीं जिससे संस्था द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों में तेजी आ सके। इस अवसर पर उपस्थित संस्था अध्यक्ष जितेंद्र सविता, यशपाल सिंह,शुभम, अजय प्रताप सिंह, चंदर, लाल बच्चन, संतोष कुमार, आलोक कुमार,सचिन कुमार विपिन इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा अधिशासी अभियंता को सख्त चेतावनी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**महाराजगंज।** डीएम अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत संचालित निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा किया। समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम कार्यदायी संस्था जेएमसी के प्रोजेक्ट मैनेजर से संचालित परियोजनाओं के बावत जानकारी ली, इनके द्वारा संतोषजनक प्रगति न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि इनके कार्यों में सुधार लाने हेतु चेतावनी जारी करे।

इसी प्रकार पम्प हाउसों में विजली कनेक्शन उपलब्ध न कराने के मामले में अधीक्षण अभियंता विद्युत को उनके कार्यशैली में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया तथा आगामी बैठक में प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देश दिया। इसीप्रकार कार्यदायी संस्था रिथवीक एवं कोया के कार्यों की समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि अगकी बैठक में संतोषजनक प्रगति प्राप्त न करने की दशा में ब्लैकलिस्टिंग एवं विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन एक बेहद ही अहम परियोजना है और यह शासन की शीर्ष प्राथमिकता में सम्मिलित हैं। इसलिए परियोजना के क्रियान्वयन में शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जल निगम और संबंधित कार्यदायी संस्थाएं तेजी लाते हुए, निर्माणाधीन परियोजनाओं को पूर्ण करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अधीक्षण अभियंता विद्युत, एक्सईएन जल निगम, सहायक अभियंता जल निगम, आईएसए सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय सेना वतन के हिफाजत के लिए हर वक्त तैयार रही है- शिव शंकर यादव

शकुन टाइम्स संवाददाता



**बकेवर।** विजय दिवस की 53वीं बरसी पर चर्चा करते हुए लोकमान्य रूरल इण्टर कॉलेज महेवा के संस्कृत प्रवक्ता व पूर्व सैनिक शिव शंकर यादव ने बताया कि विजय दिवस 16 दिसम्बर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के कारण मनाया जाता है 7 यह भारत के इतिहास को गौरवान्वित करने वाला क्षण था । 16 दिसंबर 1971 हमारे बहादुर सेना की गौरव गाथा का दिन है । भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गांधी जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में घोषित भारत-पाक युद्ध की सफलता का सूत्र सेना के सेनापति फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ तथा पूर्वी कमान के सेनापति लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के उत्कृष्ट रण कौशल की बदौलत भारतीय सेना अपने जज्बे के साथ पाकिस्तानी पर 3 दिसंबर 1971 को टूट पड़ी और लगातार आगे बढ़ती के रूप पाकिस्तान सेना को चारों तरफ से घेर लिया। पाकिस्तान सेना को आत्मसमर्पण के अलावा कोई विकल्प नही था। अंततः पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तानी बलों के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने पूरे साजो सामान के साथ भारत के पूर्वी सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। इस युद्ध में 93,000 पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण किया था। साल 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी।

# खंड विकास अधिकारी ने प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर किया उद्घाटन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने प्रेरणा कैंटीन का किया उद्घाटन ब्लॉक परिसर महाराजगंज में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को रोजगार दिया जा रहा है इसी के तहत श्री आस्तिक बाबा स्वयं सहायता समूह मोन की अध्यक्ष सूरजमती द्वारा ब्लॉक में प्रेरणा कैंटीन खोली गई जिसका उद्घाटन खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। कैंटीन की प्रोपराइटर सूरजमती ने बताया कि अब ब्लॉक परिसर में नाश्ता पानी सहित खाने पीने की सामग्री कैंटीन पर मिलेगी जिससे लोगों को काफी राहत मिलेगी क्योंकि ब्लॉक में जो भी आता था अगर उसे भूख लग जाती थी नाश्ता चाय के लिए बाहर जाना पड़ता था अब उसे बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस मौके पर एपीओ राजीव त्यागी अवनीश सिंह अवंतिका वर्मा एडिओ सहकारिता अरुण कुमार श्रीवास्तव समूह सखी बीना महिला मेठ गीता देवी शबनम अंजनी विनीता सहित अन्य स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्राम प्रधान तथा ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहे।

# माइनर का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी ने किया ब्लॉक का निरीक्षण



**महराजगंज/रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय पहुंचे महराजगंज ब्लॉक परिसर। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय सलेथू माइनर का निरीक्षण करने जा रहे थे तभी एका एक उनकी गाड़ी महाराजगंज ब्लॉक में आकर खड़ी हुई। मुख्य विकास अधिकारी को देखते ही अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी के पास पहुंचकर कुछ कागजात देखें उसके बाद उनकी गाड़ी सलेथू माइनर की तरफ निकल गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह एपीओ राजीव त्यागी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया सीनियर विंग में बच्चों ने मीटर ब्रिज डिपरेक्शन आफ़लाइट, ग्लोबल वार्मिंग, एनर्जी रिसोर्सेज रेनवाटर हार्वेस्टिंग वैक्यूम क्लीनर रोबोट तथा जूनियर विंग में स्वच्छ भारत अभियान ब्यूटी ऑफ़नेचर दहेज प्रथा बाल विवाह गौ रक्षा सोलर एंबुलेंस जीएसटी, लाइट लैंप शेयर मार्केट ट्रेडिंग हाउस वाटर डिस्पर्सल तथा प्राइमरी विंग में स्कूल हॉस्पिटल विलेज लाइफ लैम्प फैन वाइल्ड एनीमल, पर्यावरण बच्चों ने प्रारंभिक युग की ट्रेन एवं विकास स्टीमर बनाकर आधुनिक भारत के बढ़ते हुए स्वव्न के की झलक दिखाई। प्रदर्शनी के लिए आव्जर्वर डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह प्रधानाचार्य बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज तथा जितेंद्र मौर्य प्रवक्ता केमिस्ट्री ने बच्चों के बनाये मॉडल देखें तथा इनके प्रयास की भूरि -भूरि- सराहना की। बच्चों की अपने विषय पर गहरी पकड़ थी सभी ने बच्चों के द्वारा अंग्रेजी में प्रेजेंटेशन की तुलना अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्कूलों से करते हुए इसे अद्धितीय माना मैनेजर प्रतिनिधि कीर्तिवर्धन सिंह ने प्रत्येक बच्चे के मॉडल को देखा उनके द्वारा बोले गये विषय को बड़ी गहनता से सुना तथा हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि बच्चों के द्वारा उच्च स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर इतिहास रचा गया। प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बच्चों के मन के उद्धार प्रदर्शनी के रूप में देखकर सभी की प्रशंसा की तथा विज्ञान प्रदर्शनी द्वारा बच्चों की क्रियात्मकता निखरता है एवं विज्ञान के प्रति उनका लगाव होता है बच्चे विज्ञान के कठिन प्रश्न खेल-खेल में समझ जाते हैं। जिससे उनका चतुर्दिक विकास होता है बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विज्ञान प्रदर्शनी जैसे क्रियात्मक कार्य अत्यंत आवश्यक है जिन्हें प्रतिवर्ष विद्यालय कराता है सभी अध्यापक को अभिभावको को स्टाफ एवं बच्चों को विज्ञान प्रदर्शनी के सफल आयोजन हेतु बधाई दी गई। इस अवसर पर राजीव मिश्रा, आलोक, अमित सिंह, सुरेंद्र, सौम्या शुक्ला, नेहा सिंह, अमरेंद्र आदि का विशेष योगदान रहा।

# छात्रों को शिक्षा चुनौतियों के लिए तैयार करें शिक्षक: जयन्ती प्रसाद

## पाच दर्जन मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

◆ डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्दीकपुर परिसर में करंजाकला के पाच दर्जन मेधावी छात्र छात्रों को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रतियोगी शिक्षा चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को जोर दिया गया। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर शिक्षा उन्नयन समिति की ओर से आयोजित मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि इंजीनियर जयन्ती प्रसाद ने कहा की शिक्षा जीवन का मूल अधिकार एवं हथियार है। बच्चों को जरूर पढ़ाये तभी वह लक्ष्य को पा सकेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रेमचंद ने कहा कि अब एडवांस एजुकेशन का जमाना है, आधुनिक तकनीकी पर बहुत कुछ निर्भर हो चुका है। कंप्यूटर शिक्षा सबके लिए बेहद जरूरी है। अभिभावकों शिक्षको को चाहिए छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए विभिन्न चुनौतियों के अनुरूप तैयार करें।जिससे छात्रों का कैरियर सँवर सके। गांव में लोगों को झगड़े में नहीं पड़ना चाहिए। इस दौरान करंजाकला के विभिन्न ग्राम पंचायतों से उन्होंने हाईस्कूल व इंटर पाच दर्जन छात्र छात्राओं को सम्मान पत्र शील्ड देकर सम्मानित किया।

और उन्हे आनलाईन आफलाईन आधुनिक तकनीकी शिक्षा पर जोर दिया। अतिथियो को लोगो ने बुके, स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधानाध्यापक एव समिति के अध्यक्ष मोखनराम ने कहा कि शिक्षकों और छात्रों को चाहिए की निष्ठा के साथ पठन-पाठन का कार्य करें, नशा अंधविश्वास पाखंडवाद से दूर रहें। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व महामंत्री एवं प्रबंधक डॉ स्वतंत्र कुमार ने कहा कि गिरते हुए शिक्षा स्तर को ऊपर उठने की जरूरत है। इसके लिए माता-पिता को प्रथम गुरु बनना पड़ेगा, इस मौके पर मौलवी राम, विजय प्रताप, सियालाल ,राजेश गौतम, रामराज गौतम, साहब लाल गौतम ,गुड्डू गौतम ,बाबूराम गौतम , प्रेमचंद, सुनील कुमार ,दिलीप कुमार, जोगीराम मौर्य ,किशोर कुमार मौजूद रहे। संचालन राजेश एवं अजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया ।

# रामनगर पुलिस ने किया इनामिया गौतस्कर को किया गिरफ्तार



शकुन टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** स्थानीय थाने की पुलिस ने 25 हज़ार के इनामी गोतस्कर को सोमवार को टेंगरा मोड़ से गिरफ्तार किया जानकारी के मुताबिक मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्त विक्की यादव पुत्र शंकर यादव से पूछताछ करने पर उसने बताया की वो न्यू कालोनी ककरमत्ता का रहने वाला है और चंदौली निवासी सुजीत नामक व्यक्ति के साथ मिलकर गो वंशो को बिहार तस्करी कर ले जाता था। गिरफ्तारी के दौरान तस्करी में प्रयुक्त की जाने वाली मैजिक वाहन संख्या ह्वश्च 65 क्क्ष्2150 के साथ तीन अदद गोवंश भी पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। पुलिस ने अभियुक्त का विभिन्न धराओं में पाबंद कर अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में रामनगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजू सिंह, उप निरीक्षक सुधीर कुमार यादव, उप निरीक्षक अच्यूतानन्द चतुर्वेदी सहित अन्य पुलिस कर्मी भी शामिल थे।

## लाखों की लागत से बना बेकार पड़ा हाटपैड

**जौनपुर।** नगर पंचायत के बमैला में कुकुहां मोड़ पर ईदगाह के पास बना हाटपैड बेकार पड़ा हुआ है। डेढ़ दशक पहले 12 लाख रुपये की लागत से बने इस हाटपैड पर एक दिन भी मंडी नहीं लग पायी। आसपास के लोग बांस बल्ली, पुआल व उपली रखकर कब्जा जमाये हुए हैं। प्रशासन की उदासीनता से इसे आज तक उपयोग में नहीं लाया जा सका। ग्राम पंचायत रहते इसको संचालित नहीं किया जा सका। लेकिन अब नगर पंचायत ध्यान दे दे तो इसे उपयोग में लाया जा सकता है। साग-सब्जी और फल के ठेले वाले जो पटरियों से सड़क तक लगाकर कस्बे में जाम का कारण बन रहे हैं। इन्हें इस मंडी पर लगवाकर जाम से निजात मिल सकता है। कस्बावासियों की शिकायत पर चेयरमैन ने निर्माण कार्य रोका नगर पंचायत कजगांव के पानी टंकी मोहल्ले के लोगों की शिकायत के बाद चैयरमैन फिरोज खान ने सीसी रोड के निर्माण कार्य को रोकवा दिया।

# पीएम किसान सम्मान निधि के लिए कराए फार्मर रजिस्ट्री: डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता



जौनपुर। जनपद के किसानों का आधार की तर्ज पर किसान कार्ड बनाया जा रहा है, इसके लिए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा रोस्टर जारी कर जिले की समस्त राजस्व गांवो में शिविर लगाकर किसान रजिस्ट्री की जा रही है, इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र द्वारा सदर तहसील के प्राथमिक विद्यालय बशीरपुर विकास खण्ड क्षेत्र सिरकोनी में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत कराए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कर दी जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसान का आधार नंबर, खेत का रकवा नंबर, खसरा नंबर, मोबाइल नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा, पूरा विवरण दर्ज होने के बाद किसानों को एक यूनिक नंबर जारी होगा इस नंबर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा कार्ड से मिलने वाले नंबर के जरिए ही पीएम किसान सम्मन निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाए।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय बशीरपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय आने के लिए रास्ता ठीक कराए। जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद किया।

उन्होने निर्देश दिया कि बच्चों की उपस्थिति बढाई जाए। मिड डे मील के अर्न्तगत निर्धारित मीनू के अनुसार पौष्टिक भोजन दिया जाए। इसके साथ ही उन्हे खाने में हरी और मौसमी सब्जियां दी जाए। उन्होने शिक्षको को निर्देश दिया कि बच्चों में पढाई के अलावा संस्कार, नैतिक शिक्षा कि जानकारी दी जाए। इस मौके पर उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय, उप परियोजना निदेशक आत्मा/जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर डा0 रमेश चंद्र यादव, तहसीलदार सदर सौरभ कुमार, लेखपाल, पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

# अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा संचालित नि:शुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने युवतियों और महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क एक माह ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हीसामपुर केराकत मे निखार ब्यूटी पार्लर केंद्र में किया! कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट गुलाबी समिति अध्यक्ष बिट्टू किन्नर बडागाव ने कहा कि अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा नारी उत्थान एवम उनकी आत्मनिर्भरता के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन निश्चित रूप से प्रशिक्षणार्थियों के लिए कारगर साबित होगा, संस्थाध्यक्ष उर्वशी सिँह ने प्रशिक्षिका श्रीमती सरोज गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओ को स्वावलंबी बनाने की इस मुहिम से युवतियां अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी तथा उनके आत्मविश्वास मे वृद्धि होगी! ट्रस्ट परिवार द्वारा इस तरह के कई बार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा चुका है, इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन इस पार्लर मे दूसरी बार किया जा रहा है! इस अवसर पर किन्नर अध्यक्ष बिट्टू किन्नर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में बच्चियों का उत्साह देखकर बहुत ही खुशी का अनुभव हो रहा है,!जिसमे हमारे ट्रस्ट परिवार के द्वारा अभी तक बहुत ब्लाक और क्षेत्र में कई बार कराया जा चुका है आगे भविष्य में भी इस क्षेत्र में कार्य किया जाएगा ? बड़ी संख्या में बच्चियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया! प्रशिक्षिका सरोज गुप्ता ने कहा कि बच्चियों को सिखाने के बाद हर सप्ताह एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने पर समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा!जिससे बच्चियों के अंदर सीखने की चाह और उत्साह की भावना बनी रहेगी! कार्यक्रम में मुख्य रूप से ट्रस्ट परिवार के तरफ क्षमा सिंह, , धरमू गुप्ता, शहजादी गुप्ता, दिनेश, उपेन्द्र, डिम्पल, खुशी, जितेन्द्र गुप्ता अन्य लोग उपस्थित रहे!

## संक्षिप्त सामाचार

### व्यवसायी की युवक की सिर कूंचकर हत्या के दोंनो आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी चौकी जनरल स्टोर व्यवसायी 35 वर्षीय असलम के हत्या के दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक सप्ताह पूर्व अपराधियों ने सिर कूचकर हत्या कर दी थी और फरार हो गए थे। थानागद्दी बाजार का रहने वाला 35 वर्षी युवक असलम पुत्र अलाउद्दीन पराउगंज बाजार में किराना की दुकान चलाता था, असलम मंगलवार की शाम 7 बजे दुकान से वापस आया और परिजनों को यह कह कर गया कि थोड़ी देर में आ रहा हूं, देर रात तक घर नहीं लौटा और सुबह थानागद्दी पुराने तिराहे पर उसकी लाश मिली थी। आरोपी अशोक दुबे और उनके भांजे ने युवक का सिर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। पहले तो लाश की पहचान नहीं हो पाई थी लेकिन 1 घंटे बाद सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद लाश की पहचान हुई थी।

### दलित युवक की हत्या में दो नामजद आरोपित गिरफ्तार

**जौनपुर।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सुरिस गांव निवासी अजीत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद शव को एक निजी चिकित्सालय में छोड़ कर भागने के मामले में वांछित दो अभियुक्तों कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान भेज दिया।

क्षेत्र के कछरा गांव स्थित ताल पर मछली की रखवाली कर रहे 25 वर्षीय अजीत गौतम उर्फ हड्डी पुत्र राम असारे गौतम को शुक्रवार को सुरिस गांव निवासी अक्षय कुमार उर्फ लाला पुत्र राधेश्याम बिंद व सतेन्द्र कुमार पुत्र सेवा लाल यादव के ऊपर हत्या के बाद शव को एक निजी अस्पताल में पहुंचाने के बाद छोड़ कर फरार हो गए थे। जिसके बाद ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं पिता राम आसरे की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

## यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वाराणसी रेल मंडल हर समय सेवा के लिए रहते हैं कटिबंध

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** वरिष्ठ मंडल रेल प्रबंधक( वाणिज्य) शेख रहमान के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल भरतीय रेल के साथ-साथ मंडल में अपने सम्मानित उपभोक्ताओं को दिन-प्रतिदिन बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध करा रहा है और स्टेशनों अथवा ट्रेनों में यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाता है । स्टेशन अथवा यात्रा के दौरान रेल उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिये रेल प्रशासन के साथ-साथ रेल कर्मचारी भी 24 घंटे सहायता के लिये मुस्तैद रहती है। 'रेल मदद' ऐप, हेल्प लाइन नम्बर-139, एस.एम.एस एवं वेब के माध्यम से प्राप्त परिवादों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 15 दिसम्बर,2024 को दोपहर 12ः09 बजे गाड़ी सं 02569 दरभंगा- नई दिल्ली क्लोन एक्सप्रेस गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 3श्च कोच में बर्थ सं 35 पर यात्रा कर रहे यात्री श्री मंतोष कुमार द्वारा रेल मदद के माध्यम से अपने छोटे बच्चे को फिड कराने के लिए एक बोतल गर्म दूध उपलब्ध कराने की मांग की।

# सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने किया बैठक

## आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिश पालन किया जाए: आरक्षी अधीक्षक

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि 22 दिसम्बर 2024 को जनपद में दो सत्रों में परीक्षा आयोजित की जानी है। उक्त परीक्षा का समय पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे एवं अपरान्ह 02:30 बजे से 04.30 बजे तक निर्धारित की गयी है जिसके लिए कुल 34 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जनपद में लगभग कुल 15744 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा नकल विहीन, शुचितापूर्ण एवं निर्भय तथा शान्तिमय वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के दृष्गित 34 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 04 जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगायी गयी है। जिनको कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, प्रवेश निकास प्रबन्धन की जांच की उचित व्यवस्था की जाए। सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहने चाहिए। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से पहले संघन तलाशी ली जाय, जिससे प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा हाल में न ले जायी जा सके। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित केन्द्र प्रभारी व अन्य उपस्थित रहे।

# तंदूरी दरबार बैंकवेट हॉल का हुआ उद्घाटन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** शहर के मोहल्ला उमर खाँ में स्थित प्रसिद्ध तंदूरी दरबार रेस्टोरेंट पर रविवार को एक बैंक्वेट हॉल का शुभारंभ कमल किशोर ए.ए.एसपी एटा के कर कमलों द्वारा किया गया,इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने पहुंचे ए.एस.पी एटा कमल किशोर ने फीता काट कर हॉल का उदघाटन किया,जिसके बाद आयोजकों की तरफ से मुख्य अतिथि के सम्मान में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जनपद अंतर्जनपदीय शायरों एवं कवियों ने शिरकत करके शायरी प्रस्तुत की जिससे श्रोता मनमुग्ध हो गए और पूरा हाल वाह की गुंज से भर गया। पप्रोग्राम शुभारंभ मुफ्ती इम्तियाज़ नदवी क़ासमी ने कुरआन मजीद की तिलावत से किया इसके बाद मोनिस जौनपुरी ने नात ए पाक पेश किया और फिर इंजीनियर कासिम ने स्वागत उपदेश के साथ साथ तंदूरी दरबार का परिचय भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान एक के बाद एक कार्यक्रम के आयोजक आरिफ खान,शहनवाज मंजूर सभासद,खुर्रम एहतेशाम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जौनपुर एक ऐतिहासिक शहर है जहां एक से बढ़ कर एक ऐतिहासिक धरोहरें मौजूद हैं शहर में पर्यटन को बढ़ाने के कई अवसर हैं और इसे देखते हुए लंबे समय से जौनपुर में एक ऐसे होटल की आवश्यकता हो रही थी जहां बेहतरीन व्यंजनों के साथ साथ लोग एक ही छत के नीचे अपने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन उचित दरों पर कर सकें,बस इसी ज़रूरत को देखते हुए तंदूरी दरबार ग्रुप की स्थापना की गई है। इस अवसर पर मासूम राशदी सहायक निर्देशक डाक विभाग प्रयागराज उत्तर प्रदेश,शायर मासूम राही,शायर काविश रूदौलवी, शायर अकरम जौनपुरी, शायर असीम मछली शहरी,शायर मज़हर आसिफ़,क़ारी ज़िया जौनपुरी,ख़लील इब्ने असर, अलमास अहमद सिद्दीक़ी, डॉ.अरीबूज़्ज़मां,अबुज़र शेख़,डॉ. मोइन खान,डॉ. सैफ़ हुसैन,डॉ. फ़ैज़ खान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता नूरूज जमा खान ने की जबकि संचालन शायर अहमद अज़ीज़ ने किया।

## 9 मामलों से जुड़े 40 सवाल तैयार कर रही कर्नाटक पुलिस

**जौनपुर।** बिहार के समसतीपुर पूसा रोड निवासी 34 वर्षीय एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या मामले ने काफी तुल पकड़ लिया है। नेता से लेकर अभिनेता तक इस मामले में अतुल को न्याय दिलाने की आवाज उठाने लगे हैं। सोशल मीडिया पर अतुल का वह वीडियो खूब शेयर किया जा रहा है, जिसमें उसने अपनी पत्नी निकिता, सास निशा, साला अनुराग और चचेरे ससुर सुशील सिंघानिया पर प्रताड़ना पर आरोप लगाया है। इस हाई प्रोफाइल मामले में कर्नाटक पुलिस भी पूरी तैयारी के साथ जांच तेज किया है। कुल नौ मामलों से जुड़े 40 से ज्यादा सवालों की चेकलिस्ट तैयार की जा रही है, ताकि एक-एक प्वाइंट पर पूछताछ की जा सके। पुलिस से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि प्रयागराज और गुरुग्राम से पकड़े गए तीन आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। इसके बाद वहां से 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अब ऐसे में पूछताछ के लिए पुलिस के पास एक विकल्प है। वह यह कि पुलिस कस्टडी रिमांड लेगी और आरोपियों से पूछताछ करेगी। पूछताछ के लिए पुलिस पूरी थ्योरी तैयार कर रही है, जिसमें अतुल की ओर से लगाए गए एक-एक आरोपों और मुकदमों को लेकर सवाल पूछेगी। इसपर करीब 40 सवाल बन रहे हैं। इतना ही नहीं निकिता की ओर से 2022 में कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे को लेकर भी सवाल पूछे जाएंगे।

# कार्मिक विभाग की टीम ने संरक्षा विभाग को पाँच विकेट से मैच हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी श्री बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में मंडल के मिनी स्टेडियम में चल रही अंतर विभागीय ञ्-20 प्रतियोगिता में आज दिनांक 16 दिसम्बर 2024 को कार्मिक और संरक्षा विभाग के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया । संरक्षा विभाग ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाए । संरक्षा विभाग की तरफ से अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा श्री आर एल यादव ने 30 बॉल पर तीन चौकों की मदद से 21 रन, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री बालेंद्र पाल ने 51 बॉल पर 8 चौके और दो छक्के की मदद से शानदार 55 रन और अमित कुमार ने 19 बॉल पर तीन चौके की मदद से 25 रन बनाएं । कार्मिक विभाग की तरफ से अनिल श्रीवास्तव ने चार ओवर में 32 रन देकर दो विकेट, मृगेन्द्र सिंह ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट और सुनील वर्मा ने चार ओवर मैं 32 रन देकर एक विकेट लिया । 145 रनों को लक्ष्य का पीछा करते हुए कार्मिक विभाग की टीम ने 17 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाकर पाँच विकेट से मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कार्मिक विभाग की तरफ से सुनील ने 18 बॉल पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 21, रन अनिल श्रीवास्तव ने 35 बॉल पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 47 रन और विनोद मौर्था ने 30 बॉल पर तीन चौके और पांच छक्के की मदद से शानदार विस्फोटक 56 रन बनाए ।संरक्षा विभाग की तरफ से असलम परवेज ने तीन ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए नित्यानंद, ऋषि और पवन सिंह को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ ।30 बॉल पर शानदार 56 रन बनाने वाले और अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से कार्मिक विभाग को मैच जीतने वाले विनोद मौर्य को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ खिलाड़ी राहुल भट्ट के द्वारा दिया गया इस टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच परिचालन और विद्युत टीआरडी विभाग के बीच कल 17 दिसम्बर,2024 को खेला जाएगा।

# दम मारो दमः कहीं 80, कहीं 100 में बिक रहा अवैध गांजा, मादक पदार्थ के सौदागर बन रहे राजा

## संपूर्ण चकिया थाना क्षेत्र में फल-फूल रहा अवैध गांजे का साम्राज्य, नियम-कानून ताक पर

शकुन टाइम्स
राजकुमार यादव

**नशे के सौदागर भाग - 2**




- शगांजे का खेल: सरकारी लाइसेंस की आड़ में मौत का कारोबार
- चकिया थाना क्षेत्र में नशे का खेल: सरकारी छत्रछाया में युवा बर्बाद, कानून बेबस

**चंदौली/चकिया।** कहीं 80, कहीं 100 में बिक रहा बड़ा पैकेट, और छोटा पैकेट महज 40-45 रुपये में। यह सिर्फ कीमतें नहीं, बल्कि अवैध गांजे के कारोबार की वह कहानी है जो सरकारी लाइसेंस और प्रशासनिक संरक्षण की छत्रछाया में खुलेआम फल-फूल रही है। चंदौली जनपद में अधिकतर थाना क्षेत्र में यह कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है और इस बात का जीता-जागता उदाहरण है कि जब रखवाले ही सो जाएं, तो चोरों का राज हो जाता है

### अधिकारियों की अनदेखी और नियमों की उड़ती धज्जियां

गांजे की यह अवैध बिक्री सरकारी भांग की दुकानों पर भी हो रही है। सरकारी लाइसेंस का मतलब सिर्फ भांग बेचना है, लेकिन यहां गांजे के पैकेट भी धड़ल्ले से बिक रहे हैं सवाल उठता है कि आबकारी विभाग और पुलिस की आंखें क्या सच में बंद हैं, या फिर यह सब जानबूझकर हो रहा है ? या संवैधानिक प्रावधानों की अवहेलना का कोई नया जुगाड़ निकला गया है। क्योंकि भारतीय नारकोटिक्स अधिनियम, 1985 के तहत गांजे की बिक्री और सेवन पूरी तरह अवैध है।

बावजूद इसके, सरकारी दुकानों पर यह कैसे बिक रहा है यह प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण नहीं तो और क्या है ?

### कौन बन रहा है गांजा से राजा बनते अपराधी, बर्बाद होते युवा

गांजे के अवैध धंधे से जुड़े लोग रातोंरात राजा बनते जा रहे हैं। पर युवाओं की बर्बादी स्कूल-कॉलेज के छात्र सस्ती कीमत पर गांजा खरीदकर नशे के आदी हो रहे हैं। परिवारों पर असर हो रहा है नशे की लत से घरेलू हिंसा, चोरी और अपराध बढ़ते जा रहे हैं। पर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों से क्यों मुंह मोड़ रहे हैं, नशे की लत बुरी है, यह बात सबको पता है, पर पैसा कमाने की भूख ने नियम-कानून को अनदेखा कर दिया है। क्योंकि प्रशासनिक तंत्र इतना मजबूत होने के बाद भी चकिया में खुलेआम गली घूमचे में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री हो रही है यह बताते हैं कि अवैध गांजा बिक्री के सिंडीकेट का गढ़ मजबूत है और राजा अपनी गाड़ी पर मजबूती से बैठा है।

### मोहल्लों में दबदबा और बढ़ता अपराध

गांजे का कारोबार करने वाले अब मोहल्लों में अपने दबदबे के लिए कुख्यात हो रहे हैं छोटे पैकेट, बड़ा मुनाफा हर दिन सैकड़ों पैकेट बिक रहे हैं, जिससे लाखों का मुनाफा हो रहा है।यह कारोबार केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें संगठित सिंडीकेट का एक बड़ा नेटवर्क शामिल है।

### मछली सड़े तो पानी बदला जाता है, पर यहां तो पूरा तालाब गंदा है

स्थानीय लोगों का आरोप है कि चकिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कहीं 200 मीटर की दूरी पर तो कहीं गली नुक्कड़ में बेधड़क कारोबार पुलिस और आबकारी विभाग की मिलीभगत से चल रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यहां जिन विभाग की जिम्मेदारी है, उन्हीं के क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे इस कारोबार के गुनहगार कौन हैं।

### सरकारी संरक्षण या अपराध का अड्डा ?

सरकारी दुकानों के जरिए गांजे की बिक्री में संरक्षण का आरोप अब जोर पकड़ रहा है। चकिया थाना और पुलिस चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर यह खेल चल रहा है। आम जनता में इसको लेकर खासी नाराजगी है लोगों का कहना है कि प्रशासन की चुप्पी इस बात का संकेत है कि माल अंदर तक पहुंच रहा है।

### स्थानीय जनता की मांग

चकिया के स्थानीय नागरिकों से जब इस संबंध में बात किया गया तो उन्होंने तो पहले कहा कि पुलिस के मामले में हमें नहीं पड़ना है। वही कुछ नागरिकों ने ने दबी जुबान कहा कि उच्चाधिकारियों को ऐसे मामले में जांच टीम गठित कर अवैध गांजे की बिक्री में शामिल अधिकारियों और दुकानदारों की विशेष अभियान के तहत जांच करनी चाहिए पुलिस और आबकारी विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर इन अवैध कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। नशे के दुष्परिणामों के खिलाफ बड़े पैमाने पर स्थानीय जागरूकता अभियान शुरू करना होगा।

### उम्मीद की नजरें क्या प्रशासन लेगी एक्शन

अवैध गांजे की बिक्री ने समाज को खोखला करना शुरू कर दिया है। जब रखवालों की जेब गर्म हो, तो कानून की किताबें ठंडी पड़ जाती हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंदे खेल पर लगाम लगा पाएगी या यह कारोबार सरकारी संरक्षण की आड़ में यूं ही चलता रहेगा। क्योंकि समाज और प्रशासन दोनों को यह सोचना होगा कि जो युवा कल के भविष्य हैं, उन्हें आज नशे से बचाना जरूरी है।

# रसड़ा में जिला पत्रकार सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का किया जायेगा आयोजन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**रसड़ा ( बलिया )।** प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा आगामी 18 दिसंबर को पूर्वाहन 11:00 से शालीमार मैरिज हाल ,भगत सिंह रोड, रसड़ा में जिला पत्रकार सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें बलिया जनपद सहित मऊ और गाज़ीपुर के पत्रकार भी भाग लेंगे । प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तहसील अध्यक्ष मतलूब अहमद ने रविवार की रात अपनी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति जयप्रकाश विश्वविद्यालय सारण, बिहार के प्रोफेसर हरिकेश सिंह एवं पूर्व कुलपति गढ़वाल विश्वविद्यालय उत्तराखंड के प्रोफेसर लल्लन सिंह एवं डॉक्टर कमलेश राय जी संपादक शब्दीता पत्रिका भी उपस्थित रहेंगे।

इसके अलावा जनपद के प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। श्री मतलूब अहमद ने सभी पत्रकार बंधुओ से अपील किया है कि वे कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनावें।

## संक्षिप्त सामाचार

### 31 लोगों ने ओटीएस के तहत कराया पंजीकरण

**गाजीपुर/दिलदारनगर।** बिजली विभाग की ओर से बकाया बिल को लेकर शुरू किए गए एक मुश्त समाधान योजना के बारे में विद्युत उपकेन्द्र चित्रकोनी पर कैम्प लगाकर उपभोक्ताओं को जानकारी दी गयी। इस दौरान उमाशंकर सिंह,

सुनील कुमार समेत कुल 31 लोगों ने पंजीकरण कराकर निर्धारित शुल्क जमा किया। उपखण्ड अधिकारी कमलेश प्रजापति ने जमा रसीद देकर तथा माला पहनाकर उपभोक्ताओं को सम्मानित किया। अवर अभियंता सुरेश कुमार ने चित्रकोनी में चेकिंग अभियान चलाकर 11 उपभोक्ताओं की बिजली काट दी।

### बांग्लादेश सरकार का किया पुतला दहन

**गाजीपुर।** हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले दर्जनों संगठन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कासिमाबाद तहसील मुख्यालय पर बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर उप जिलाधिकारी आशुतोष कुमार को पत्रक सौंपा। कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हो रहे हिन्दू नरसंहार, उनके संपत्तियों को नुकसान तथा चिन्मय कृष्ण दास की अवैध गिरफ्तारी का विरोध किया। भारत सरकार से अत्याचार को बंद कराने की मांग की। हिंदू रक्षा समिति के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कासिमाबाद ब्लाक मुख्यालय से जन आक्रोश रैली निकालते हुए पुरानी बाजार चौराहा होते हुए तहसील मुख्यालय पर सभा की।

इसके बाद बांग्लादेश सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को तुरंत रोकने की मांग की। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर नरसंहार जारी है तथा उनके संपत्तियों पर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लेकिन वहां की निरंकुश सरकार अत्याचारियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करते हुए हिंदू धर्म गुरुओं को जेल की सलाखों में डाल रही हैं।

### सेवराई के निखिल का वालीबाल के अंडर 19 टीम में चयन

**गाजीपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सेवराई गांव निवासी निखिल सिंह का तेलगांना में 22 से 26 दिसंबर तक होने वाले 68वीं नेशनल अंडर 19 वालीबाल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के टीम में चयन हुआ है। निखिल ने गवर्नमेंट इंटर कालेज बरेली में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप के क्वालीफाई मुकाबले में अपना

सर्वोच्च प्रदर्शन दिया। जिसके बाद उत्तर प्रदेश के 15 सदस्यीय टीम में चयनित किया गया। निखिल गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट हॉस्टल लखनऊ में कैंप कर रहा है। निखिल के चयन होने पर पिता कमलेश सिंह, माता रीता सिंह समेत परिजनों में खुशी व्याप्त है।

### जागरूकता रैली निकाल ओटीएस की दी जानकारी

**गाजीपुर।** विद्युत उपकेंद्र पहाड़पुर के बिजली कर्मचारियों ने एक मुस्त समाधान योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए जन जागरूकता रैली उपकेन्द्र के गांवों में निकाली। जिसका नेतृत्व अवर अभियन्ता दीपक कुमार ने किया। बताया कि एकमुश्त समाधान योजना शुरू हो चुकी है और तीन चरणों में चलेगी।

इस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को कॉरपोरेशन की वेबसाइट सीएससी सेंटर, फिनटेक ,मीटर रीडर आदि के माध्यम पंजीकरण करना होगा और बिजली बिल के मूल बकाये का 30 की फीसदी रुपया अनिवार्य रूप से जमा करना होगा बाकी बकाये के सारचार्ज में छूट मिलेगी। इस अवसर पर टीजीटी उपेंद्र यादव, संजय कुशवाहा अरविंद पाल ,लाइनमैन रविंदर यादव, विनोद कुशवाहा उर्फ पप्पू, जितेंद्र कुमार, मुन्ना रमेश यादव, गोपाल कुशवाहा, पल्लू मौजूद थे।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुद्दो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपको अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यो व कर-करेत्तर कार्यो की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

## कर वसूली, कोर्ट केस, धारा- 24, आरसी वसूली बढ़ाने का निर्देश - जिलाधिकारी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**भदोही।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर राजस्व कार्यो, राजस्व न्यायालयों व कर-करेत्तर कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य , अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह व मुख्य विकास अधिकारी डॉ.शिवाकांत द्विवेदी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के साथ किया गया। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा में असंतुष्ट फीडबैक शिकायतकर्ता से सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए लग कर निस्तारित कराते हुऐ रैंक सुधार पर जोर दिया। हैसियत नामा में लम्बित आवेदनों को प्रतिदिन अनुश्रवण करते हुए निस्तारण का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित मामलों को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत डिल्फाटर श्रेणी में न हो समय रहते शिकायत का गुणवत्तापूर्वक करें निस्तारण, नही तो होगी कठोर कार्यवाही। जिलाधिकारी ने धारा 24 में तहसील ज्ञानपुर व औराई के खराब प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने भूमि आवंटन पट्टा ,मत्स्य पट्टा,कुम्हारी पट्टा आवंटन, भूलेख, ई-परवाना आदि पर बल दिया। वसूली प्रमाण पत्र की डी श्रेणी आने पर जिसमें ज्ञानपुर में वसूली 40त्न हुई ,60त्न बाकी है पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वसूली पर बल दिया। जिलाधिकारी ने विभागवार आरसी सबसे ज्यादा बैंक के बाद संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए वसूली बढ़ाने पर बल दिया, जिसके लिए उन्होंने प्रत्येक शनिवार एडीएम को संबंधित विभागों के साथ बैठक कर समीक्षा करने का निर्देश दिया। परिवहन विभाग को गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन बढ़ाने व प्रवर्तन कार्य करते हुए ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को अनुपालन आख्या में दिए गए निर्देशों को पूर्ण करते हुए अवैध शराब की तस्करी को पकड़ते हुए आबकारी राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप, राइस मिल, शराब की दुकानों, गैस एजेंसियों पर औचक निरीक्षण करते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पूरी करें, इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अधिकारी राजस्व वसूली में हिला-हवाली करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने सभी उप जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी को पुलिस के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में छापेमारी करने का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के आरके वसूली के साथ-साथ, विद्युत व राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के 10 बड़े बकायेदारों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकरियों को निर्देश दिया कि तहसीलों में लंबित भूमि विवादों, मुकदमों को निस्तारण कराए अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, राजस्व, अधिशासी अधिकारी, खनन आदि विभागों को अभियान चलाकर लक्षित राजस्व वसूली किये जाने पर बल दिया। जिलाधिकारी ने कर करेत्तर एवं लक्ष्य वसूली के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लम्बित राजस्व वादों का निस्तारण शीघ्र सुनवाई करके उनका निस्तारण किया जाये। कुछ तहसीलों में लक्ष्य के अनुरूप वादों का निस्तारण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एंटी भू माफिया राजस्व की समीक्षा करते राजस्व संहिता के अविवादित वरासत, अविवादित दाखिल खारिज, तालाब, आवासीय भूमि, कृषि भूमि, वृक्षारोपण आदि का आवंटन, चकमार्ग तथा सार्वजनिक उपयोग की भूमि व तालाब पोखरों आदि से हटाये गये अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे पर विस्तार से चर्चा किया। अपर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि सभी भू माफियाओं को चिन्हित कर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आई0 जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण, रिट याचिकायें, खतौनी अशं निर्धारण की कार्यवाही, स्वामित्व योजना, रोस्टर के अनुसार खतौनियों का दाखिला, एंटी भू माफिया जैसे कार्यों पर अब तक किये गये कार्यों की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी भदोही भान सिंह, औराई बरखा सिंह ,समस्त तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, खनन अधिकारी ,समस्त अधिशासी अभियंता, अधिशासी अधिकारी व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मण्डल अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां/चंदौली।** चहनियां स्थित लोकमंगल पब्लिक स्कूल में भारतीय जनता पार्टी मंडल चहनियां के मंडल अध्यक्ष चुनाव हेतु बैठक आहुत की गई ।जिसमें मंडल चुनाव अधिकारी हृदय नारायण तिवारी द्वारा मंडल अध्यक्ष के प्रत्याशी को नामांकन पत्र वितरण किया गया। मंडल अध्यक्ष हेतु 12 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया चुनाव अधिकारी द्वारा सभी प्रत्याशियों का नामांकन पत्र लिया गया । जिसमें आनंद सिंह, जयशंकर जायसवाल, सूरत सिंह, घनश्याम तिवारी, श्याम सुंदर मौर्य,नंद गोपाल राजभर,मनोज पांडे, शशि कला पांडे, सोनी सिंह, संजीव मिश्रा, आलोक सिंह, राकेश पांडे ने नामांकन किया ।इस दौरान चुनाव अधिकारी हृदय नारायण तिवारी ने बताया कि अभी नामांकन प्रक्रिया हुई ।लखनऊ कार्यालय से घोषणा के बाद चुनाव होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उदय प्रताप सिंह पप्पू ,राजेंद्र पांडे, बनवारी पांडे, जयप्रकाश सिंह, मुरली मनोहर सिंह, लाल बहादुर सिंह ,संजय सिंह, संजय मिश्रा, मुस्ताक अहमद आदि उपस्थित रहे ।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा व संचालन सदस्यता प्रमुख रामदयाल साहनी ने किया।

### कांग्रेस द्वारा विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाया

**सासाराम/रोहतास।** कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी आश्रम सासाराम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह की अध्यक्षता में विजय दिवस मनाया गया। कन्हैया सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज ही के दिन 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेवा ने पाकिस्तान के क्रूर और बर्बर सेना को धूल चटाई थी। बाबू जगजीवन राम इस देश की देश के रक्षा मंत्री थे और श्रीमती इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थी। बाबूजी ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए। आज ही के दिन 1971 को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। करीब 93000 पाकिस्तान सेना को भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण करना पड़ा था। जिसमें पाकिस्तान दो भागों में बंट गया था। जिसका नाम बांग्लादेश हुआ और पूरे विश्व के इतिहास में एक बहुत बड़ा विजय हुआ था।

# पूर्व रेलमंत्री राम सुभग बाबू की पुण्यतिथि मनाई गई

शकुन टाइम्स संवाददाता




**सासाराम/रोहतास।** कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी आश्रम में देश के पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और बिक्रमगंज से कांग्रेस के सांसद रहे राम सुभग सिंह की पुण्यतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। सबसे पहले उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद उनके महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। कन्हैया सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राम सुभग बाबू बहुत ही ईमानदार नेता थे। उन्होंने बड़े ही पद पर रहते हुए भी अपने एवं अपने परिवार के लिए कुछ नहीं किया। एक साधारण सा झोपड़ी नुमा मकान में अपना जीवन बिताए। जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में रेलवे मंत्री एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर रहे। वे हमेशा गरीबों एवं किसानों के हक की लड़ाई लड़ते रहे। वे जब भी क्षेत्र में आते थे उनके पास हर जाति एवं धर्म के लोगों का हुजूम लगा रहता था। वे सभी के साथ समान व्यवहार करते थे। वे कभी भी नफरत की राजनीति नहीं करते थे। वे अपना पूरा जीवन दूसरों की लड़ाई में न्योछावर कर दिए। उनकी ईमानदारी योगदान एवं उनके द्वारा की गई सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, लोकेश तिवारी, धनंजय मेहता, राधा प्रसाद सिंह, दीपक शुक्ला, राम अवतार राय, बेनी माधव सिंह, अभिमन्यु सिंह, सगीर अहमद, डॉक्टर जावेद अख्तर, शैलेंद्र कुमार, राम नारायण राम, पंकज राम पूजन राम, प्रभात कुमार सिंह सहित कोई अन्य लोग मौजूद रहे।

# थाना बलुआ पुलिस ने छिनैती की घटना का किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

शकुन टाइम्स संवाददाता




**चहनियां/चंदौली।** सत्या माइक्रो कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक से हुई लूट की घटना का थाना बलुआ पुलिस ने खुलासा किया है। घटना में शामिल एक अभियुक्त को मजिदहा प्राथमिक विद्यालय के पास से मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से छिनैती का 4760 रुपया व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। विदित हो कि 9 अक्टूबर 2024 को मुकेश कुमार सिंह यादव निवासी ग्राम नगसर जनपद गाजीपुर सत्या माइक्रो कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा थाना बलुआ पर तहरीर दिया गया था कि वह सत्या माइक्रो कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड के लिए लोलपुर, पहाड़पुर, नादी, मोहम्मदपुर से रुपए का कलेक्शन करके पहाड़पुर वापस जा रहा था। चहनियां सैदपुर हाईवे से उतरकर फुलवरिया के पास दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा एक बाइक से आकर असलहा दिखाकर वादी के कलेक्शन का पैसा 34170 रुपया व मोबाइल छीनकर भाग गए थे। पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि 8 अक्टूबर 2024 को अपने साथी के साथ मिलकर फाइनेंस कंपनी का पैसा कलेक्ट करने वाले से फुलवरिया रोड पर मोटरसाइकिल में धक्का मार कर गिराकर उसकी डिग्गी में रखे 34170 रुपए छीन लिए थे तथा उसके मोबाइल को छीनकर वहीं कुछ दूर पर बाजरे के खेत में फेंक दिया था और मौके से अपने साथी की मोटरसाइकिल से भाग गए थे। कलेक्शन वाले व्यक्ति को हम लोग पहले से ही जानते थे कि वह काफी पैसा लेकर आता जाता रहता है। बताया कि वह गाड़ी चला रहा था उसके पीछे हेलमेट लगाकर उसका दूसरा साथी बैठा था। फिर एक दिन बाद गिरफ्तारी के डर से तमिलनाडु भाग गए थे। अभी इनका एक साथी फरार है । गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक डॉ आशीष कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक जगदीश प्रसाद, उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव, उप निरीक्षक असगर अली, हेड कांस्टेबल प्रमोद यादव, कांस्टेबल शिशिर यादव, कांस्टेबल अमरेश सिंह शामिल रहे।

## योगी ने किया विधानसभा की नवीनीकृत दर्शक दीर्घा का उद्घाटन

# लोकतंत्र में विधायिका का विशेष महत्व है- योगी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विधान सभा की नवीनीकृत दर्शक दीर्घा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने इसे समस्त विधानसभा सदस्यों और प्रदेश की 25 करोड़ जनता को समर्पित करते हुए कहा कि विधानसभा प्रदेश के समस्त नागरिकों के लिए लोकतंत्र का आधार है।

यह लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। इस पवित्र मंदिर में जब कोई आए तो उसका फर्स्ट इंप्रेशन यहां की दर्शक दीर्घा के माध्यम से ही पड़े। यह सिर्फ सत्ता पक्ष ही नहीं, बल्कि विपक्ष के लिए भी प्रसन्नता का क्षण होना चाहिए, क्योंकि आप सभी की संस्तुति पर ही दर्शक दीर्घा के सुंदरीकरण का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ है।

दर्शक दीर्घा के उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री समेत मंच पर उपस्थित सभी मंत्रियों एवं नेता विपक्ष को मूल संविधान की एक-एक प्रति भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का भी विमोचन किया। इन पुस्तकों में देश की आजादी से लेकर अब तक मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष की संपूर्ण जानकारी दी गई है। श्री योगी ने कहा कि लोकतंत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में विधायिका का महत्वपूर्ण स्थान है। विधायिका एक प्रकार से मार्गदर्शिका है। सभी माननीय सदस्य न केवल विधायिका से जुड़ते हैं, बल्कि यह उन्हें विकास की, जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाने का भी एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष जा का भी अभिनंदन करूंगा, जिन्होंने पौने तीन वर्ष के इस कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की विधानसभा को न केवल लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ के रूप में, बल्कि आधुनिकता के साथ जोड़ने का भी काम किया है। ये गौरव, देश की सबसे बड़ी विधानसभा को जाता है जिसने ई विधान लागू किया है। आज आप देख सकते हैं कि आपके सामने ई विधान किस रूप से सफलतापूर्वक लागू हो सकता है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा पेपरलेस होकर इसका उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। यह सिर्फ विधानसभा के लिए नहीं, बल्कि हम सबके लिए और 25 करोड़ की आबादी के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण था। इसके साथ ही विधानसभा के गलियारे का किस रूप में सुंदरीकरण किया जाना चाहिए, यह भी आपने देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा संचालन के जो नियम 1952 में पहली विधानसभा गठन के तत्काल बाद लागू हुए थे, वे जैसे के तैसे पड़े थे। समय के अनुरूप मांग के आलोक में उसमें आवश्यक संसोधन नहीं हो पाए थे। यह कार्य भी इस दौरान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। प्रश्नकाल में हम देखते हैं कि केवल दो सदस्य ही नहीं, बल्कि 20-20 प्रश्नों का उत्तर मंत्रियों से पूछ सकते हैं और उनका जवाब भी यहां पर हाथों-हाथ उन्हें प्राप्त होता है। यही सही लोकतंत्र है कि जब एक माननीय सदस्य संबंधित विभाग के मंत्री से संबंधित प्रश्नों का जवाब लेकर लोकहित से जुड़े हुए मुद्दों को रखने का माध्यम बनता है। यह तब हो पाया जब हम लोगों ने विधानसभा संचालन के नियमों में संशोधन करके यथासमय में उसे लागू भी किया।

## संक्षिप्त सामाचार

### यूपी विधानसभा सत्र से पहले सपा का प्रदर्शन, सीएम योगी की अपील सुगमता से चले सदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हुई। इससे पहले समाजवादी पार्टी ने जमकर प्रदर्शन किया। सरकार की नीतियों को लेकर समाजवादी पार्टी के विधायक लामबंद हुए। उन्होंने आरोप लगाए कि सरकार किसानों का हक मार रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का कार्यकाल पूरा है लेकिन किसानों की एमएसपी का वादा अधूरा है। कहा कि उत्तर प्रदेश दंगों से दहल गया है और भाजपा सरकार पूरी तरह फेल है। सत्र से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों ने हाथों में तखती लेकर सरकार को घेरा।

### प्रदर्शन नही सदन में करनी चाहिए चर्चा-केशव

**लखनऊ।** विधानसभा शीतकालीन सत्र के पहले दिन डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य विधानसभा पहुंचे। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जो लोग प्रदर्शन कर रहे है,उन्हें सदन में चर्चा करनी चाहिए। सदन की कार्यवाही की अवधि घटाने के सवाल पर केशव मौर्य ने कहा कि जितना बिजनेस होगा उतना ही सदन चलेगा। संभल के मुद्दे पर केशव मौर्य ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मुस्लिम तुष्टिकरण की ओर चल रही है। सरकार चर्चा को तैयार है।

### सदन में हम चर्चा को तैयार-ब्रजेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि आज सदन का पहला दिन है। शीतकालीन सत्र का आज पहला दिन है और सदन में हम चर्चा के लिए तैयार हैं। कई महत्वपूर्ण विधेयक भी पास होने हैं अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। प्रदेश के विकास को गति देने और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यह हमारी सरकार का प्राथमिक एजेंडा है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि विपक्ष रचनात्मक मुद्दों पर चर्चा नहीं करता है, वह हर बार हंगामा करता है और हंगामे पर विश्वास रखता है। एक्टर वरुण धवन के द्वारा गृहमंत्री अमित शाह को हनुमान बताए जाने पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि वरुण धवन ने जो कुछ कहा वह बिल्कुल सही है।

### गोलगप्पा खा रही महिला का मोबाइल छीना

**लखनऊ।** तेलीबाग बाजार में गोलगप्पा खा रही महिला का मोबाइल छीन कर एक युवक भाग निकला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। कैंट थाना क्षेत्र के सदर में रहने वाली माया बीती रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे तेलीबाग बाजार में खरीददारी करने गई थी। महिला बताशे के ठेला पर गोलगप्पे खाने लगी।

### बीकेटी क्षेत्र में मारपीट में घायल हुए व्यक्ति की मौत

लखनऊ। महिगवां थाना क्षेत्र के सोनवा गांव में स्थित कुएं के पास सरकारी जमीन ग्राम प्रधान अशोक कुमार गिरि और गंगा शरण गिरि उर्फमुन्ना के बीच हुई लड़ाई में गम्भीर रूप से घायल गंगा शरण गिरि उर्फमुन्ना उम्र लगभग 65 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो। रविवार देर रात हुई मौत से घर में मातम छा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सभी आरोपी घर से फरार हो गए हैं।

## हमारे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया गया तो हम सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगः अजय राय

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को योगी सरकार पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाओं को निजीकरण किया जा रहा है। कांग्रेस 18 दिसंबर को को विधानसभा का घेराव कर रही है। हमारे कार्यकर्ताओं को पूरे प्रदेश में फोन किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष को फोन किया जा रहा है कि अगर आप 18 तारीख के आंदोलन में जाओगे तो मुकदमा दर्ज कर दिया जाएगा। अजय राय ने कहा कि हम सीएम योगी आदित्यनाथ से कहना चाहते हैं कि अगर हमारे कार्यकर्ताओं को कहीं भी प्रताड़ित किया गया तो हम सरकार की ईंट से ईंट बजा देंगे। हमें ईडी और सीबीआई से डर नहीं लगता है। 144 लगे या कोई भी धारा। हम जनता के लिए एलान कर चुके हैं। हम जनता की लड़ाई लड़ेंगे। अगर जेल भी जाना पड़ेगा तो जाएंगे। किसानों को 50 किलो की खाद की बोरी 40 कर दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर कहीं प्रशासन परेशान करता है तो मौके पर ही घेराव कर दीजिए। वहीं पर प्रदर्शन कीजिए। जहां पर रोका जा रहा है, वहीं पर सड़क पर बैठ जाइए। उन्होंने कहा कि हमारी जब सरकार आएगी तो हम भी घर निकाल लेंगे। मठ से निकाल लेंगे। ऐसे में हम अपील करना चाहते हैं कि हम गांधीवादी लोग हैं और हमको हमारे तरीके से प्रदर्शन करने दिया जाए। हमारे साथ जनता का साथ है। आम आदमी का साथ है। अजय राय ने 4 दिन के लिए विधानसभा सत्र रखने पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 75 जिलों की समस्या क्या 4 दिन में सही हो सकती है। 4 दिन में बहस कैसे हो सकता है।

## नशे में धुत होकर बुजुर्ग ने की फायरिंग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक नशेड़ी ने पान मसाला न देने पर सब्जी विक्रेता से मारपीट की। इसके बाद घर से लाइसेंसी बंदूक लाया और फायरिंग कर दी। घटना से बाजार में हड़कंप मच गया। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मड़ियांव भारत नगर निवासी विकास कुमार रविवार रात अपनी सब्जी की दुकान पर बैठ थे। उनका आरोप है कि इलाके के सुरेंद्र प्रताप सिंह नशे में धुत हो कर दुकान पर आ गए। उन्होंने गुटखा मांगा। दुकानदार ने बताया कि जब मैंने कहा कि सब्जी की दुकान पर पान मसाला नहीं मिलता। इसी बात से वे भड़क गए। गाली गलौज करने लगे। मेरे दोस्त अक्षय ने बीच बचाव किया तो उससे भी भिड़ गए। वहां जब भीड़ जुटी तो वे वापस घर चले गए। पीड़ित का आरोप कि घटना के कुछ ही देर बाद सुरेंद्र बंदूक लेकर दुकान पर फिर पहुंचे। इसके बाद गली-गलौज करते हुए हवाई फायरिंग की। कोई अनहोनी से बचने के विरोध किया तो मारपीट की, जिसमें हाथ और पैर में चोट आ गई है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेजों में 25-25 लाख रुपए लेकर हो रहा प्रमोशन

### पल्लवी पटेल का योगी सरकार पर गंभीर आरोप

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व समाजवादी पार्टी (सपा) की विधायक पल्लवी पटेल ने प्राविधिक शिक्षा विभाग में धांधली का गंभीर आरोप लगाकर विधानसभा के अंदर धरने पर बैठ गई। उन्होंने कहा कि मंत्री आशीष पटेल और आईएएस देवराज पर डिप्लोमा सेक्टर में विभागाध्यक्ष के पदों पर नियमों को ताक पर रखकर प्रमोशन किया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 25-25 लाख रुपए लेकर प्रमोशन किया गया है। पल्लवी ने कहा कि प्राविधिक शिक्षा विभाग में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेजों में विभागाध्यक्ष की सीधी भर्ती करने की जगह, कॉलेजों में कार्यरत व्याख्याताओं को पदोन्नत कर विभागाध्यक्ष बनाया गया है। आरोपों में कहा गया है कि अगर सीधी भर्ती से पद भरे जाते तो पिछड़े और दलित वर्ग को आरक्षण का लाभ मिलता, लेकिन 177 व्याख्याताओं को नियम के खिलाफपदोन्नत करने से आरक्षित वर्ग वंचित रह गया। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल अपना दल (एस) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने अपने विभाग में पदोन्नति में कथित अनियमितता के मामले को लेकर अपनी 'राजनीतिक हत्या की साजिश का आरोप लगाया है और कहा है कि प्रधानमंत्री का जिस दिन आदेश होगा वह तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। मंत्री अनुप्रिया पटेल के पति आशीष पटेल ने रविवार देर रात 'एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, ''मीडिया और सोशल मीडिया पर मेरी 'राजनीतिक हत्या की साजिश के तहत तथ्यहीन और बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। मेरे मंत्रित्व काल में प्राविधिक शिक्षा विभाग में वंचित वर्ग से आने वाले कर्मियों के हितों की रक्षा को लेकर उठाए गए कदमों का पूरे उत्तर प्रदेश को पता है।

## आशीष पटेल भाजपा से नाखुश, टूटेगा गठबंधन!

### अखिलेश ने अनुप्रिया को लोकसभा में दिया ऑफर

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के मंत्री आशीष पटेल ने राजनीतिक हत्या की कोशिश का आरोप लगाकर नए सियासी घमासान के संकेत दिए हैं। इससे पहले भी अपना दल एस उत्तर प्रदेश सरकार से नाराजगी जाहिर करता रहा है। यूपी में घटता जनाधार पार्टी एक अलग समस्या है। ऐसे में अनुप्रिया पटेल के पति की नाराजगी के कई मायने निकाले जा रहे हैं।2014 लोकसभा चुनाव के दौरान हुआ भाजपा और अपना दल का गठबंधन अभी तक निर्विवाद रूप से चल रहा है। कुछ मनमुटाव तो था लेकिन प्रेशर पॉलिटिक्स माना गया। लोकसभा में बीते दिनों अखिलेश यादव ने भाजपा के आला नेताओं के सामने अपने खेमे में बुलाने लगे। वीडियो भी खूब वायरल हुआ। अनुप्रिया और अखिलेश यादव दोनों ही पिछड़ी जातियों के नेता हैं। अखिलेश यादव की यादवों के साथ पिछड़ी जातियों व मुस्लिम समुदाय पर मजबूत पकड़ है। अनुप्रिया पटेलों की नेता मानी जाती हैं। उत्तर प्रदेश में ओबीसी जातीयों में यादवों के बाद सबसे बड़ी जनसंख्या पटेल जातियों की है। यही कारण है कि भाजपा अनुप्रिया पटेल को अधिक तवज्जो देती है। अपना दल के कंधे पर बैठकर भाजपा उत्तर प्रदेश की सत्ता पर काबिज हुई है। विधानसभा चुनाव में सपा से पटेल समुदाय का टूटना उनकी हार के कारणों में बड़ा कारण है। अखिलेश यादव चाहते हैं अपनादल और समाजवादी पार्टी का प्रदेश में गठबंधन हो जाए जिसके लिए 2022 और 2024 में प्रयास भी किए गए थे ।गठबंधन अनुप्रिया पटेल की वजह से नहीं हो पाया। लोकसभा में अनुप्रिया जातिगत जनगणना पर बोल रहीं थी। उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे साथी जब सत्ता में रहते हैं तो जातिगत जनगणना की बात नहीं करते हैं। जैसे विपक्ष में आते हैं पिछड़ी जातियों के हितैषी हो जाते हैं। अनुप्रिया ने पिछड़ों का हक मारे जाने की बात कह रहीं थी। इतना कहना था कि अखिलेश यादव अनुप्रिया पटेल को अपने पास आने का इशारा करने लगे। इस दौरान सदन में भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद थे।अखिलेश यादव सदन में सिर्फ अनुप्रिया को अपने पास नहीं बुला रहे थे बल्कि उनके इशारे का मतलब था कि भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ के हमारे पास आ जाएं यानि इंडिया गठबंधन में शामिल हो जाएं।

## हाथ-पैर बांधकर किया इलाज, मरीज की मौत

### शव रखकर परिजनों ने किया हंगामा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने मरीज का हाथ-पैर बांधकर इलाज किया। देखते ही देखते उसकी हालत बिगड़ती गई और उसकी मौत हो गई। गुस्साए परिजन अस्पताल के बाहर शव रख कर प्रदर्शन करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक बबलू महिपत मऊ का रहने वाला था। उसके भाई अयोध्या लोधी ने बताया कि साढ़े 3 बजे डॉक्टर ने हम लोगों अस्पताल से बाहर कर दिया। भाई से मिलने से मना कर रहे थे। जब सुबह 5 बजे पहुंचे तो भाई की मौत हो चुकी थी। मृतक बबलू को परसों बुखार आया था। रविवार रात 1 बजे अंधे की चौकी स्थित न्यू बाला जी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती। जिससे उसकी मौत हो गई। अस्पताल संचालक सुनील कुमार का कहना है कि रविवार रात बबलू को भर्ती किया गया था। जांच में चेस्ट इंफेक्शन अधिक पाया गया। पलेट्स भी कम था। रात में मरीज को रेफर किया लेकिन परिजन नहीं ले गए। सुबह इंटरनल ब्लीडिंग होने के कारण मरीज की मौत हुई है। सुनील कुमार ने कहा कि इलाज में कोई लापरवाही नहीं हुई है। इलाज के दौरान मरीज हाथ पैर झटक रहा था। वह ऑक्सीजन मास्क खींच रहा था, इसलिए हाथ पैर कवर कर दिए गए थे।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का वार्षिक जनपदीय निर्वाचन एवं जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन


शकुन टाइम्स संवाददाता



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट कानपुर नगर का वार्षिक जनपदीय निर्वाचन 2024-25 एवं जिला कार्यकारिणी का गठन निर्वाचन अधिकारी लालाराम दुबे सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद की देख-रेख में आर्य कन्या इंटर कॉलेज गोविंद नगर कानपुर नगर में सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाध्यक्ष व जिला मंत्री पद पर क्रमशः राकेश तिवारी व अनिल सचान लगातार छठवीं बार निर्विरोध निर्वाचित हुए कोषाध्यक्ष व ऑडिटर पद पर क्रमश मनीष मिश्र व रामकुमार निर्विरोध दूसरी बार निर्वाचित हुए, 6 जिला उपाध्यक्ष सीमा मल्होत्रा, ज्ञानेंद्र कुमार, राजकिशोर शर्मा, अनुराग मिश्रा, रामपाल साहू, रमेश चंद्र त्रिपाठी, 6 संयुक्त मंत्री श्वेता गुप्ता, मोहम्मद आजम खाँ, चन्द्रजीत यादव, अतुल तिवारी, आनंद प्रकाश, देवर्षि वाजपेई निर्विरोध निर्वाचित हुए, इसके बाद नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई प्रदेशीय उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को अग्रिम दायित्वों के सफलता पूर्वक निर्वहन के लिए शुभकामनाएं देते हुए शिक्षक हितों के लिए सदैव संघर्ष के लिए तत्पर रहने का आशीर्वाद दिया।

## जयप्रकाश नारायण इलाके में सीवर का पानी घरों में घुसा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आलमबाग स्थित नटखेड़ा रोड के जयप्रकाश नारायण इलाके में सोमवार को सीवर का पानी घरों में घुसने से स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश देखा गया। करीब 100 घर प्रभावित हुए, जहां सीवर का दूषित पानी नलों और पाइपलाइनों के जरिए घरों तक पहुंच गया। सोमवार सुबह इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिसमें स्थानीय लोग नगर निगम और जलकल विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते नजर आए। नाराज लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतें करने के बावजूद अब तक कोई सफाई कर्मी या नगर निगम का अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। स्थानीय निवासी ने बताया, हमने कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन न कोई सफाई हुई, न कोई कर्मचारी आया। घर में रहना मुश्किल हो गया है। लापरवाही पर सवालनगर निगम और जलकल विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या क्षेत्र में नियमित सीवर सफाई नहीं हो रही थी? या समस्या की सूचना पहले ही विभाग को नहीं मिली थी? स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन को इस समस्या का समाधान निकालकर जिम्मेदारी तय करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी परेशानियां दोबारा न हों। सीवर का दूषित पानी न केवल असुविधाजनक है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। नगर निगम और संबंधित विभाग की निष्क्रियता का शिकार आम जनता बन रही है।

# बढ़ रही है ठंड, नवजात की सेहत के प्रति रहें सतर्क

### हाइपोथर्मिया, निमोनिया, बुखार हो तो नजदीकी सरकारी अस्पताल में फौरन पहुंचें

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** दिसंबर शुरू होते ही ठंड बढ़ने लगी है। यह मौसम नवजात शिशु, बच्चों व बुजुर्गों के लिए सतर्कता के साथ रहने वाला होता है। इस मौसम में नवजात शिशु के संक्रमण व बीमारियों से पीड़ित होने पर शीघ्र इलाज की जरूरत होती है। लिहाजा अगर किसी बच्चे को हाइपोथर्मिया, निमोनिया, बुखार या अन्य स्वास्थ्य संबंधित दिक्कत हो तो बिना देर किए नजदीकी सरकारी अस्पताल पर पहुंचें।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की बाल रोग विभाग की एडीशनल प्रोफेसर डॉ. शालिनी त्रिपाठी के अनुसार नवजात शिशु की मां को ध्यान रखना है कि जन्म से छह माह तक सिर्फ स्तनपान बच्चे को रोगों से लड़ने की ताकत देता है। इसलिए माताएं शिशु को अपना दूध पिलाना बंद न करें। उन्होंने बताया कि बच्चे के जन्म से लेकर 28 दिन तक की अवस्था को नवजात शिशु की श्रेणी में रखा गया है। बच्चे की सेहत की दृष्टि से यह अवधि बेहद संवेदनशील होती है। खासतौर से सर्दियों में पैदा होने वाले बच्चों के प्रति अधिक एहतियात बरतनी चाहिए। डॉ शालिनी ने बताया कि सरकारी अस्पताल पर संस्थागत प्रसव ही नवजात शिशु के लिए भी सुरक्षित होता है। वहां बने नवजात शिशु देखभाल कार्नर पर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के उपकरण और सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि इस मौसम में नवजात व बच्चों को निमोनिया होने का खतरा भी होता है। यह बैक्टीरिया और वायरस से फैल सकता है। दोनों प्रकार का निमोनिया संक्रामक है। इसका मतलब यह है कि वे छींक या खांसी से निकलने वाली वायुजनित बूंदों के माध्यम से एक से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। एडिशनल प्रोफेसर ने बताया कि निमोनिया तब विकसित हो सकता है जब प्रतिरक्षा प्रणाली फेफड़ों की छोटी थैलियों में संक्रमण पर हमला करती है। इससे फेफड़े सूज जाते हैं और उनमें तरल पदार्थ का रिसाव होने लगता है। कई बैक्टीरिया, वायरस और कवक संक्रमण का कारण बन सकते हैं जो निमोनिया का कारण बनते हैं। वयस्कों में बैक्टीरिया सबसे आम कारण है और स्कूल जाने वाले बच्चों में वायरस सबसे आम कारण है। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक डॉ सूर्यांश ओझा ने बताया कि नवजात व बच्चों में सर्दी के दौरान होने वाली बीमारियों के इलाज के लिए प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल तैयार हैं। स्पेशल न्यू बार्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) भी काम कर रहे हैं जहां जरूरत पड़ने पर नवजात को भर्ती किया जा सकता है। पहली बात तो इस मौसम में अपने बच्चों को ठंड से बचाएं और अगर बच्चा बीमार पड़ता है तो फौरन पास के सरकारी अस्पताल में दिखाएं।

**समय से इलाज मिलेगा तो हो जाएगा बच्चा स्वस्थ**

### यह लक्षण दिखें तो अस्पताल जाएं

- सांस लेने और मां का दूध पीने में दिक्कत
- सांस छोड़ने पर घरघराहट की आवाज, खांसी व बलगम
- बुखार आना या बच्चे का सुस्त रहना
- ठंड लगने पर उल्टी या दस्त की समस्या

### निमोनिया के प्रकार

- स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया – यह जीवाणु बच्चों में बैक्टीरियल निमोनिया का प्रमुख कारण है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने के माध्यम से सांस लेने या बैक्टीरिया की बूंदों के सीधे संपर्क में आने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है।

ज़्हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी – यह निमोनिया का दूसरा सबसे आम जीवाणु स्रोत है। यह संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने के माध्यम से सांस लेने या बैक्टीरिया की बूंदों के सीधे संपर्क में आने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है।

- रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस- यह निमोनिया का प्रमुख वायरल कारण है, जो बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित करता है। इससे अक्सर शिशुओं और बुजुर्गों में गंभीर श्वसन संकट होता है।

### निमोनिया से बचाव

- टीकाकरण
- हाथ की स्वच्छता
- धूम्रपान छोड़ें
- स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखें
- स्वस्थ भोजन
- प्रतिरक्षाविहीन

## सम्पादकीय

# पूजा स्थल अधिनियम मुकदमों पर रोक से जगी धर्मनिरपेक्षता के बचने की नयी उम्मीद

पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 के संबंध में सभी नये मुकदमों, कार्रवाइयों और आदेशों पर रोक लगाने का आदेश भारत के सर्वोच्च न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने 12 दिसंबर को दिया, जिसके निहितार्थ दूरगामी होंगे क्योंकि यह कानूनी सीमाओं से परे देश के लोगों के सामाजिक और राजनीतिक जीवन को प्रभावित करेगा। इस आदेश ने सांप्रदायिकता के खिलाफधर्मनिरपेक्षता की अस्तित्व की लड़ाई में धर्मनिरपेक्षता के बचने की एक नयी उम्मीद जगाई है, जिस पर हिंदुत्ववादी ताकतों द्वारा सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी रूप से लगातार हमला किया जा रहा है, हालांकि पूजा स्थल अधिनियम में ऐसे मुद्दों को उठाने पर कानूनी रोक है। देश भर की विभिन्न अदालतों में हिंदुत्ववादी ताकतों द्वारा 10 मस्जिदों या दरगाहों पर दावा करने वाले मुकदमों के कुल 18 मामले लंबित हैं, जबकि 2019 के अयोध्या फैसले में पूजा स्थल अधिनियम को बरकरार रखा गया था, जिसका मूल उद्देश्य था इतिहास में सुदूर अतीत की घटनाओं, जो 16वीं शताब्दी तक पीछे के हैं, को आज के लोगों के वर्तमान और भविष्य को नष्ट न करने देना। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा 2022 में पूजा स्थल अधिनियम के वास्तविक उद्देश्य की अनदेखी ने मस्जिदों और दरगाहों के खिलाफ मामलों की बढ़ती संख्या का मार्ग प्रशस्त किया, क्योंकि उन्होंने कहा कि उक्त अधिनियम के तहत पूजा स्थलों की प्रकृति का पता लगाने पर कोई रोक नहीं है, हालांकि यह 15 अगस्त, 1947 को भारत के स्वतंत्र होने की कट-ऑफ तिथि के साथ उनके चरित्र को बदलने से रोकता है। वर्तमान आदेश में, सीजेआई संजीव खन्ना के नेतृत्व वाली तीन सदस्यीय पीठ ने इस त्रुटि को सुधारा है। अयोध्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की बेंच ने पूजा स्थल अधिनियम को बरकरार रखा था, लेकिन 2020 और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इसकी संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गयी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा था, लेकिन चार साल बाद भी केंद्र की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया और मामला लंबित रहा। इस बीच, देश के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक और राजनीतिक तनाव जारी रहा, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ और अदालतों में मामलों की संख्या भी बढ़ती गयी।

अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश के संभल में 5 लोगों की मौत के बाद सर्वोच्च न्यायालय की बेंच के समक्ष सुनवाई में तेजी लाने के लिए नये अनुरोध किये गये। अब सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को इस मामले में जवाब देने और अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। केंद्र सरकार की मंशा तब स्पष्ट हो गयी जब सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि तीसरा पक्ष सिविल मुकदमे की कार्रवाई पर रोक नहीं लगा सकता। जाहिर है, केंद्र को मस्जिदों और दरगाहों पर दावा करने वाली हिंदुत्ववादी ताकतों द्वारा मामलों की बढ़ती संख्या पसंद आई। वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने यहां तक तर्क दिया कि पूजा स्थल अधिनियम से संबंधित रिट याचिकाओं पर विचार करते समय सिविल मुकदमों पर रोक नहीं लगाई जा सकती। मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने आपत्ति का जवाब देते हुए कहा, श्इन रिट याचिकाओं में सिविल मुकदमों का मामला उठाया गया है। इन याचिकाओं में पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। दूसरे, अन्य रिट याचिकाओं में इन सिविल मुकदमों के खिलाफ1991 के अधिनियम को लागू करने का मुद्दा उठाया गया है। उन्होंने निषेधाज्ञा की मांग की है। चूंकि केंद्र में सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान के लोग हिंदुत्व के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं, इसलिए सर्वोच्च न्यायालय का यह रोक आदेश महत्वपूर्ण है, खासकर इस मामले में केंद्र के रवैये को देखते हुए जो अदालत में उजागर हो चुका है। आगे क्या होने वाला है, यह कल्पना का विषय है। जब वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इस मुकदमे को पांच न्यायाधीशों की पीठ को संदर्भित करने की मांग की, तो मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि अदालत इस मामले पर नवंबर 2019 के अयोध्या फैसले को सुनाने वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ के निर्णय के आलोक में विचार करेगी। अयोध्या फैसले ने न केवल पूजा स्थल अधिनियम को बरकरार रखा था, बल्कि यह कहा था कि श्किसी भी व्यक्ति के लिए जो किसी भी प्राचीन शासकों के कार्यों के खिलाफसांत्वना या सहारा चाहता है, कानून इसका जवाब नहीं है। इसके अलावा, न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम की धारा 3 श्संवैधानिक सिद्धांतों की पुनरावृत्ति की एक प्रभावी अभिव्यक्तिश् थी, और साथ में उन्होंने यह भी कहा कि अधिनियम में धर्मनिरपेक्षता, सम्मान, बंधुत्व और धर्म की स्वतंत्रता के विचार को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 1991 के पूजा स्थल अधिनियम की अनुपस्थिति में भी इन बुनियादी संवैधानिक सिद्धांतों के उल्लंघन के आधार पर मुकदमों पर आपत्ति की जा सकती है। 16वीं शताब्दी में मुगल आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट किये गये हिंदू मंदिरों को श्पुनरू प्राप्त करनेश् की मांग करने वाले लंबित मामलों में अदालतों को नये मुकदमे दर्ज करने या आदेश पारित करने से रोकने वाला फ्रीज ऑर्डर भी महत्वपूर्ण है, जिसे हिंदुत्व ताकतों का प्रतिनिधित्व करने वाले याचिकाकर्ताओं द्वारा व्यवधानों के बीच पारित किया गया था। यह आदेश तब तक लागू रहेगा जब तक कि पीठ पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर लेती। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होनी है।

# राहुल ने तय किया देश का भावी अजेंडा: संविधान वर्सेस मनुस्मृति

शकील अख्तर

> वही बात जो डॉ. आम्बेडकर कहते थे राहुल ने कही कि मेहनत करने वालों का अंगूठा काट लेते हैं। राहुल का यह भाषण देश को एक दिशा देने वाले भाषणों में शामिल होगा। दलित पिछड़े आदिवासी के अधिकारों की पिछले दस साल से रुक गई लड़ाई को फिर से गति देने के लिए इसे याद किया जाएगा। राहुल ने साफशब्दों में कहा कि एकलव्य को अंगूठा इसलिए देना पड़ा था कि वह ऊंची जाति का नहीं था। धर्म तो उसका भी वही था। मगर जाति नहीं थी। धर्म के नाम पर तब भी एक नहीं माना जाता था बल्कि शोषण होता था। आज भी वही हो रहा है। और राहुल ने यह स्पष्ट कर दिया कि इसका आधार मनुस्मृति है। देश में एक संघर्ष था कि आजादी के बाद हम अपनी जनता को क्या दें। एक तरफसंघ के लोग थे जो मनुस्मृति देना चाहते थे।

आखिर राहुल की पिच पर आ ही गए प्रधानमंत्री मोदी। लोकसभा में संविधान पर हुई चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जाति गणना और दलित पिछड़े आदिवासी के आरक्षण की सीमा पचास से ऊपर ले जाने की बात के जवाब में प्रधानमंत्री ने यह कह दिया कि हमने दस प्रतिशत आरक्षण सवर्णों को दिया है। जिस संविधान के गौरवशाली 75 साल पूरे होने पर संसद में चर्चा हो रही है उसमें आरक्षण के लिए यह कहीं नहीं लिखा है कि इसका आधार आर्थिक होगा। डॉ. आम्बेडकर जिनका नाम यह सबसे ज्यादा लेते हैं मगर जिनकी विशाल प्रतिमा संसद भवन के सामने से पिछवाड़े रखवा दी उन्होंने आरक्षण का आधार सामाजिक बताया था। सदियों से सामाजिक रूप से पिछड़ों को आगे बढ़ने का मौका देने के लिए आरक्षण का प्रावधान रखा था। प्रतिमा का जो हमने जिक्र किया वह इसलिए कि संसद में संविधान का जब भी जिक्र आता था सबके हाथ अपने आप बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा की तरफदेखते हुए जुड़ जाते थे। संसद के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर संसद के बाहर तक से दिखती थी। अगर वहीं मूल जगह होती तो सब सांसद संविधान पर चर्चा में सदन में जाने से पहले बाबा साहब को प्रणाम करके आते। मगर पिछवाड़े है। कोई नहीं गया। बाबा साहब वहीं दूर खड़े एक हाथ में संविधान लिए हंसते रहे कि इसी संविधान पर चर्चा हो रही है ना। मुझे पीछे धकेलकर! खैर, प्रतिमा को चाहे जहां पुर्नस्थापित कर दो हटा दो बहुत जगह से तो हटा ही दी गईं हैं, तोड़ दी गई हैं लेकिन राहुल गांधी ने डॉ. आम्बेडकर की भावनाओं को अभिव्यक्ति देते हुए बता दिया कि अब लड़ाई सीधे दलित पिछड़े आदिवासियों के अधिकारों की और उन्हें धर्म के नाम पर बरगला कर रोकने वालों के बीच होगी।

वही बात जो डॉ. आम्बेडकर कहते थे राहुल ने कही कि मेहनत करने वालों का अंगूठा काट लेते हैं। राहुल का यह भाषण देश को एक दिशा देने वाले भाषणों में शामिल होगा। दलित पिछड़े आदिवासी के अधिकारों की पिछले दस साल से रुक गई लड़ाई को फिर से गति देने के लिए इसे याद किया जाएगा। राहुल ने साफशब्दों में कहा कि एकलव्य को अंगूठा इसलिए देना पड़ा था कि वह ऊंची जाति का नहीं था। धर्म तो उसका भी वही था। मगर जाति नहीं थी। धर्म के नाम पर तब भी एक नहीं माना जाता था बल्कि शोषण होता था। आज भी वही हो रहा है। और राहुल ने यह स्पष्ट कर दिया कि इसका आधार मनुस्मृति है। देश में एक संघर्ष था कि आजादी के बाद हम अपनी जनता को क्या दें। एक तरफ संघ के लोग थे जो मनुस्मृति देना चाहते थे। दूसरी तरफडॉ. आम्बेडकर, नेहरु, सरदार पटेल, मौलाना आजाद थे जो सबको समान अवसर देने वाला संविधान देना चाहते थे। राहुल ने एक हाथ में संविधान और दूसरे में मनुस्मृति लेकर बता दिया की वह संघर्ष अभी भी जारी है। अब देश के दलित पिछड़ों आदिवासियों, गरीबों, युवाओं, किसानों को चुनना है कि वे किसके साथ हैं। अजेंडा साफहो गया है। और अगर इसमें कोई कसर रह गई थी तो लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दलित पिछड़े आदिवासी के अधिकारों की बात के जवाब में सवर्णों के आरक्षण को अपना मुद्दा बताते हुए पूरी कर दी। अब समझना देश के कमजोर वंचित वर्ग को है कि उसके मुद्दों को कौन उठा रहा है और किसने उन सवालों को रोकने के लिए सवर्ण सशक्तिकरण की बात की। प्रधानमंत्री के लिए किया गया काम मुंह से खून लगना है! हो सकता वे सही हों। क्योंकि उनके हिसाब से जनता केवल कर्तव्य पालन के लिए बनी है। सरकार की आज्ञा पालक। लेकिन आजादी के आन्दोलन से निकली पार्टी के लिए संविधान का मतलब दूसरा था। जनकल्याण के लिए उसका ज्यादा से ज्यादा उपयोग। तो देखिए आप जिस के इल्जाम वे नेहरू




राहुल की पिच पर आ गए। और यहां उनके लिए बेटिंग करना बहुत मुश्किल है। इसलिए उन्होंने केवल जनता को क्या करना है इसके 11 सूत्र दे दिए। जनता वोट देने के बाद भी सरकार को मजबूत करती रहे यह एक नई बात है। अभी तक तो यह माना जाता था कि वोट लेने के बाद सरकार जनता को मजबूत करती है। उसके हित में काम करती है। इन्दिरा गांधी ऐसे ही करती थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने जो सूत्रों की बात कही है वह इन्दिरा के प्रभाव में ही कही है। नेहरू इन्दिरा थे ही ऐसे। इनके दिमाग में हमेशा हावी रहेंगे। कोसेंगे भी मगर उनकी नकल भी करेंगे। बीस सूत्र इन्दिरा गांधी लाईं थी। मगर उनके बीस सूत्रीय कार्यक्रम में सबसे पहला सूत्र था आवश्यक वस्तुओं की कीमतें कम करना। भूमिहीनों को जमीन देना। कृषि मजदूरों की आय बढ़ाना। युवाओं को रोजगार प्रशिक्षण। मध्यम वर्ग के लिए इनकम टैक्स की दरें कम करना। स्कूली बच्चों की किताबें स्टेशनरी सस्ती करना जैसे कार्यक्रम थे। और इन्हें सख्ती से लागू भी किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी के सूत्रों में क्या है? कर्तव्य पालन, कानून का सम्मान जैसी जनता से मांगें। आम जनता के लिए क्या करना है यह इन्दिरा गांधी के सूत्रों में था। और यहां यह बताया गया है कि जनता को क्या करना चाहिए। संविधान बना इसलिए है कि देश की जनता के लिए अब क्या करना है। उसकी जरूरतों के मुताबिक संशोधन भी हुए। मोदी जी इसे कांग्रेस के मुंह से खून लगना कहते हैं। जनता की बेहतरी इन्दिरा पर लगा रहे थे उन्होंने संशोधन क्या किए। पहला जमींदारी उन्मूलन के लिए। जमींदारी उन्मूलन मतलब लाखों जोतने, बोने वालों को जमीन का मलिकाना हक। पहला क्रान्तिकारी काम। प्रसंगवश बता दें कि पाकिस्तान में यह नहीं हुआ। जमीनें जमींदारों के पास हैं और वहां की सत्ता व्यवस्था में जमींदार सबसे अहम हिस्सेदार हैं। बहुत लंबा हो जाएगा। मगर फिर भी कुछ संशोधनों के बारे बताने की कोशिश करते हैं। भारत को मजबूत बनाने वाले 12 वां संशोधन, गोवा दमन दीव को पुर्तगाल के कब्जे से छुड़ाकर भारत में शामिल करने के लिए। 35 वां और 36 वां संशोधन सिक्किम का भारत में विलय करने के लिए। इस पर वे सवाल उठा रहे हैं। असंवैधानिक बता रहे हैं! ज्यादा नहीं पर कुछ और बताते हैं। 26 वां। ऐतिहासिक। राजा-रानियों के प्रिवीपर्स प्रिवलेज खत्म करना। वक्त की सुई उलटी घूमा देना। कौन था? किसने किया? वह इन्दिरा गांधी। असली आयरन लेडी। कह रहे हैं एक ही परिवार का शासन रहा। वह तो जनता तय करती है। और असली वोट। मतपत्र से किया। ईवीएम की तरह धोखे का काम नहीं। उस जनता पर सवाल कि एक परिवार को चुना! खैर! तो जनता ने चुना तो जनता के लिए किया। 61 वां संशोधन राजीव गांधी। मताधिकार की उम्र 21 साल से घटाकर 18 कर दी। युवाओं को सबसे बड़ा तोहफा। इससे पहले 52 वां संशोधन करके दल बदल विरोधी कानून लागू कर चुके थे।

# जीवनदायी उपचार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अक्सर कहते हैं कि बुरा लगता है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा दुनिया में सबसे ज्यादा है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार देश में एक दशक में सड़क दुर्घटनाओं में 15 लाख लोगों की मौत हुई । हर साल कोई डेढ़ लाख से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मरने वाले ज्यादातर युवा व परिवार के कमाने वाले होते हैं। उनके मरने से परिवार गरीबी के दलदल में जा धंसता है। यदि दुर्घटना होने पर घायलों को तुरंत व मुफ्त उपचार मिले तो लाखों जानें बचायी जा सकती हैं। इस संकट के मद्देनजर ही सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का शुरुआती गोल्डन ऑवर में निरूशुल्क उपचार कराया जाएगा। दुर्घटना के बाद सात दिनों के भीतर घायल को डेढ़ लाख रुपये तक उपचार मुफ्त मिल सकेगा। हरियाणा पुलिस ने भी इस योजना की शुरुआत कर दी है। प्रदेश की सड़कों को नागरिकों के लिये सुरक्षित बनाने की पहल को विस्तार दिया जा रहा है। दरअसल, यह पायलेट प्रोजेक्ट नेशनल हेल्थ अथॉरिटी द्वारा स्थानीय पुलिस और राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुबंधित अस्पतालों के साथ तालमेल करते हुए संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। इसमें अस्पताल प्रबंधन सॉफ्टवेयर में घायल व्यक्ति का डेटा अपलोड करके संबंधित पुलिस थाने को भेजेगा। थाना छह घंटे के भीतर दुर्घटना की पुष्टि करेगा, फिर घायल को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। निश्चित रूप से सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय की पहल पर शुरू की गई इस योजना का स्वागत किया जाना चाहिए। यदि समय रहते घायलों को उचित व मुफ्त उपचार मिल जाए तो हर साल हजारों जानें बचायी जा सकती हैं। लेकिन जरूरत इस बात की है कि अस्पतालों व पुलिस में बेहतर तालमेल स्थापित हो। निश्चित रूप से घायलों के प्रति संवेदनशील व्यवहार व औपचारिकताओं के बिना तुरंत उपचार जीवन रक्षक ही साबित होगा। उन बाधाओं को दूर करने की भी जरूरत है जिसकी वजह से लोग घायलों की मदद करने से कतराते हैं। इसके अलावा उन बिंदुओं पर विस्तार से काम करने की जरूरत है, जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाओं में तेजी आती है। जरूरी है कि जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को दुर्घटनाओं को टालने के लिये सतर्क रहने को प्रेरित किया जाए। उन स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां दुर्घटना उन्मुख क्षेत्र स्थित हैं। इंजीनियरिंग विभाग की मदद से उन तकनीकी खामियों को दूर किया जाए जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। इसी तरह स्कूली बसों की सुरक्षा की भी नियमित जांच होनी चाहिए। इस दिशा में हरियाणा पुलिस ने बड़ी पहल करते हुए 19 हजार से अधिक स्कूल बसों की जांच की है और खामी पाये जाने पर करीब साढ़े चार हजार से अधिक बसों के चालान भी किए हैं। इसी तरह ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों का भी चालान किया जाना चाहिए, ताकि दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके। निस्संदेह, सरकार, पुलिस-प्रशासन तथा नागरिकों की जागरूकता से ही दुर्घटनाएं टाली जा सकती हैं।

# मोदी का भाषण संविधान नहीं कांग्रेस पर

> इस संविधान ने देश को रातों-रात मध्य युग से निकालकर आधुनिक दुनिया के आलोक में खड़ा किया था लेकिन मोदी हैं कि आजादी के पहले के उसी प्राचीन अंधकार में लौटना चाहते हैं, जो उनके पहले के अनेक भाषणों से परिलक्षित तो होता ही रहा, शनिवार को लोकसभा में अपने उद्बोधन द्वारा उन्होंने पुष्टि कर दी वे इतिहास की बेड़ियों में खुद को जकड़े रखना चाहते हैं। वे देश को भी पीछे पलटाने पर आमादा हैं।साल 2013-14 में मोदी को उनकी भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया तो उन्होंने अपने चुनाव प्रचार का मुख्य आधार कांग्रेस विरोध को बनाया। उन्होंने पहले के प्रधानमंत्रियों एवं कांग्रेस की सरकारों को अपने निशाने पर लिया। उन्होंने यह कहकर विकास के सब्जबाग दिखाये कि भारत में पिछले 60 वर्षों में कुछ नहीं हुआ।

लोकसभा के लिये वह एक महत्वपूर्ण क्षण हो सकता था यदि संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर आयोजित दो दिवसीय चर्चा के अवसर पर दिये अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाकई कुछ ऐसा कहते जो भारत के संसदीय इतिहास के पन्नों में चमकदार अक्षरों में दर्ज होता। इससे वह एक उपयोगी सत्र भी होता। पिछले 11 वर्षों से मोदी जो कहते रहे हैं, वे उससे एक इंच भी आगे बढ़ते नजर नहीं आये। यह ऊब और निराशा के नये स्तरों को छूता हुआ उनका भाषण था जबकि वे ऐसे दस्तावेज के बारे में बात कर रहे थे जिसने भारत को पिछला सब कुछ भूलकर आगे की ओर देखना-बढ़ना सिखाया है।

इस संविधान ने देश को रातों-रात मध्य युग से निकालकर आधुनिक दुनिया के आलोक में खड़ा किया था लेकिन मोदी हैं कि आजादी के पहले के उसी प्राचीन अंधकार में लौटना चाहते हैं, जो उनके पहले के अनेक भाषणों से परिलक्षित तो होता ही रहा, शनिवार को लोकसभा में अपने उद्बोधन द्वारा उन्होंने पुष्टि कर दी वे इतिहास की बेड़ियों में खुद को जकड़े रखना चाहते हैं। वे देश को भी पीछे पलटाने पर आमादा हैं।साल 2013-14 में मोदी को उनकी भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया तो उन्होंने अपने चुनाव प्रचार का मुख्य आधार कांग्रेस विरोध को बनाया। उन्होंने पहले के प्रधानमंत्रियों एवं कांग्रेस की सरकारों को अपने निशाने पर लिया। उन्होंने यह कहकर विकास के सब्जबाग दिखाये कि भारत में पिछले 60 वर्षों में कुछ नहीं हुआ। मोदी ने यह कहकर जबर्दस्त



जनसमर्थन हासिल किया कि कांग्रेस को 60 साल दिये गये, उन्हें केवल 60 माह दिये जायें। एक मजबूत प्रचार तंत्र के जरिये तथ्यों की तोड़-मरोड़ के साथ तथा राष्ट्रनायकों को लांछित एवं अपमानित करते हुए मोदी का प्रचार अभियान यह देश दशक भर से देख रहा है। ऐसा नहीं कि चुनाव जीतने के बाद तथा पीएम बन जाने पर, वह भी एक बार नहीं वरन तीन बार, यह कुत्सित प्रचार रुक जाये- वह बदस्तूर जारी है। संसद के भीतर किसी भी विषय पर मोदी को कुछ कहना हो या स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर लाल किले की प्राचीर से सम्बोधित करना हो, चुनावी सभाएं हों या कोई विकास सम्बन्धी कार्यक्रम- मोदी के पास कांग्रेस एवं उसके नेताओं की आलोचना के अलावा मानों अन्य कुछ कहने के लिये है ही नहीं। मोदीजी ने इस काम के लिये विदेशी धरती तक को नहीं छोड़ा जहां उन्होंने यह तक कहा कि श2014 के पहले जो भी भारत में पैदा होता था वह खुद को कोसता था।श् जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया और राहुल-प्रियंका तक आलोचना का उनका कारवां चल रहा है। चर्चा का जवाब देते हुए कहीं से नहीं लगा कि मोदी इस पवित्र एवं उच्चतम सदन के नेता हैं। वैसे भाषण के दौरान दिखी अतिरिक्त घृणा का कारण यह भी हो सकता है कि हाल के दिनों में कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने उनकी संविधान व लोकतंत्र के नाम पर ऐसी घेराबन्दी की है कि अब मोदी मजबूर हो गये हैं कि वे स्वयं को इन दोनों का सबसे बड़ा रक्षक बतलाएं। इसके पहले राहुल ने सदन के भीतर अपने भाषण के दौरान संविधान और मनुस्मृति की प्रतियां दिखलाते हुए कहा कि सारी लड़ाई इन दोनों के बीच की है। कांग्रेस जहां संविधान बचाना चाहती है वहीं भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनुस्मृति लागू करना चाहते हैं। वायनाड से चुनकर आईं प्रियंका गांधी सम्भवत: मोदी एवं भाजपा की बौखलाहट की एक बड़ी वजह हो सकती हैं जिन्होंने लोकसभा के अपने पहले भाषण में कहा कि श्यदि नतीजे ऐसे न आते तो अब तक संविधान बदलने का काम शुरू हो चुका होता।श् इस भाषण का जलवा देश भर में जो बिखरा है वह भाजपा के जले पर नमक का छिड़काव साबित हुआ। इसलिये मोदी दोगुना असलहा लेकर कांग्रेस और नेहरू खानदान पर टूट पड़े। उन्होंने उन्हीं तमाम मुद्दों को उठाया जिन पर वे अनगिनत बार बातें कर चुके हैं। उन्होंने देश विभाजन से लेकर आपातकाल तक की चर्चा फिर से की। उन्होंने बताया कि कैसे संविधान में कई बार संशोधन किये गये। वे इस स्तर तक गये कि नेहरू परिवार के मुंह पर संविधान संशोधन के खून का स्वाद लग गया है।श् उनका दावा था कि श्कांग्रेस के माथे पर से आपातकाल का पाप कभी नहीं धुलेगा। हालांकि अपने लगभग दो घंटे के भाषण में यह नहीं बताया कि कैसे देश के संविधान का लाभ सभी को मिले। पीएम ने यह भी नहीं बताया कि संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में जिस श्मानवीय गरिमाश् से युक्त, न्यायपूर्ण, धर्मनिरपेक्ष तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सभी की संसाधनों व अवसरों तक एक सी पहुंच वाला समाज बनाने की बात कही गयी है, वह कैसे बनेगा। 85 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने वाली उनकी सरकार लोगों को सशक्त कैसे बनायेगी- यह भी नहीं बताया।

# केसीएन क्लब द्वारा विजय दिवस के उपलक्ष्य में अंतर विद्यालयीय बुद्धि परीक्षण परीक्षा आयोजित

मृत्युंजय पान्डेय

**पालघर।** जिले के बोईसर नगर के पूर्व धनानि नगर महावीर नगर स्थित आशादीप विद्यामन्दिर हाईस्कूल में राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटिजन्स नीड़ क्लब (केसीएन क्लब राष्ट्रीय कमेटी के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र कमेटी द्वारा 16 दिसम्बर दिन सोमवार सुबह 10 बजे विजय दिवस के उपलक्ष्य में मेधावी छात्रों के प्रोत्साहन हेतु अंतर विद्यालय बुद्धि परीक्षण परीक्षा 2024 का आयोजन किया गया। विदित हो कि जिले के विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे मेधावी छात्रों के मानसिक उन्नति व परीक्षण हेतु राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटीजन्स नीड क्लब द्वारा अतर विद्यालयीय



बुद्धि परीक्षण परीक्षा 2024 (इंटर स्कूल आई क्यु टेस्ट इक्जाम) का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिसमे बालक बालिका वर्ग के मेधावी छात्रों को प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्ति पर पारितोषिक व सम्मान चिन्ह, प्रमाण पत्र वितरित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यातिथि संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक एडवोकेट शोभनाथ त्रिपाठी द्वारा संस्थापिका के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पदाधिकारी शैलेंद्र मिश्र ने किया।

इसी क्रम में आयोजन में 9वीं से 10वीं तक के बालिकाओं के बौद्धिक क्षमता परीक्षण प्रतियोगिता में आराध्या मिश्र, रीना अनिल वर्मा, श्रुति अनिल झा व बालको में अनुराग एस पाण्डेय, वात्सल्य मिश्र, जितेंद्र प्रजापति को प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। छोटे बच्चों की प्रतियोगिता 6 वीं से 8 वीं तक के बालिकाओं में काजल पासवान, रश्मि शक्ति शरण पाण्डेय, अंसारी नज़रिन सगीर अहमद व बालको में मोहम्मद फुरकान खालिद, दिगपाल दुर्गा पी त्रिपाठी, शोएब शेख को प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

परीक्षण प्रक्रिया में जुनेद कुरैशी व अभिजीत मिश्र का विशेष सहयोग रहा व कुल 53 मेधावी छात्रों ने परीक्षा दी। कार्यक्रम के अंतिम दौर में बच्चों ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाराष्ट्र प्रदेश कमेटी कोंकड़ मण्डल व जिला कार्यकारिणी के मार्गदर्शन में सम्पन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष नँदन मिश्र त्यागी ने बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य सहित संस्कृति और संस्कार को सुंदर बनाने हेतु बेहतरीन टिप्स दिए। कार्यक्रम में सहयोगी सस्थाओं में परीक्षा केंद्र आशादीप विद्यालय हाईस्कूल, जिलापरिषद स्कूल धनानी नगर, मौरा सूजन शिक्षण संस्थान बोईसर केंद्र, जय योगेश्वर गुरुकुल विद्यापीठ एन्ड प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र बोइसर का सहयोग रहा। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में संस्था के इम्तेयाज खान, विश्वजीत सिंह, बैजनाथ महतो, आनन्द दुबे, अरविंद दुबे, वीरेंद्र साहू जयंती महतो, उमेश महतो सहित विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश तिवारी, सहित अनेक विशिष्ट जन उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र मेश्राम ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त सामाचार

### द कोरिया की अदालत 27 दिसंबर को यून पर महाभियोग की सुनवाई करेगी

**सोल।** दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत 27 दिसंबर को राष्ट्रपति यूं सुक-येओल के संसदीय महाभियोग पर पहली प्रारंभिक सुनवाई करेगी। योनहाप समाचार एजेंसी ने सोमवार को अदालत के कागजात का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। राष्ट्रपति यून पर मार्शल लॉ की विवादास्पद घोषणा पर महाभियोग चलाने के लिए संसद ने शनिवार को 204-85 से मतदान किया। संवैधानिक न्यायालय के पास मामले पर विचार करने के लिए 180 दिन का समय होगा। फैसला आने तक यून को पद से निलंबित कर दिया जाएगा और अंतिम फैसला आने तक प्रधानमंत्री हान डक-सू अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में काम करेंगे। अदालत की आज पहली बैठक कथित तौर पर सुनवाई की तारीखों सहित भविष्य की कार्यवाही पर केंद्रित थी। अदालत यून के महाभियोग के फैसले के अनुरोध की एक प्रति उसे देने और उसकी प्रतिक्रिया का अनुरोध करने की प्रक्रिया में है हालांकि वह ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं है। प्रारंभिक सुनवाई और उसके बाद की कार्यवाही जनता के लिए खुली रहेगी।

### इज़रायली सेना ने भूमध्य सागर के ऊपर यमनी ड्रोन को रोका

**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने समन से छोड़े गये ड्रोन को भूमध्य सागर के ऊपर रोक लेने का दावा किया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा, थोड़ी देर पहले, यमन से लॉन्च किए गए एक यूएवी को भूमध्य सागर में इजरायली नौसेना की मिसाइल नाव द्वारा रोक दिया गया था। यूएवी को इजरायली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले रोक दिया गया। यमनी अंसार अल्लाह आंदोलन जिसे हूती के नाम से भी जाना जाता है, ने पिछले सप्ताह अदन की खाड़ी में अमेरिकी विध्वंसक और आपूर्ति जहाजों पर हमलों के साथ-साथ अश्कलोन, तेल अवीव और दक्षिणी इज़राइल में लक्ष्यों पर ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी ली है। यमन के लाल सागर तट के अधिकांश हिस्से को नियंत्रित और उत्तरी यमन पर शासन करने वाले अंसार अल्लाह आंदोलन ने 2023 के अंत में फिलिस्तीन के लिए अपने समर्थन की घोषणा की है। हमास के अक्टूबर 2023 के हमले के जवाब में यहूदी राज्य द्वारा गाजा पट्टी में सैन्य आक्रमण शुरू ने के बाद इज़रायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम खाई। आंदोलन ने क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप न करने की प्रतिज्ञा की। कुछ कंपनियों ने सुरक्षा चिंताओं के कारण लाल सागर के माध्यम से 'शिपिंग' निलंबित कर दी।

### हाईब्रिड गतिविधि के लिये रूस, जॉर्जिया मोल्दोव के नागरिकों पर प्रतिबंध लगायेगा ईयू

**वारसा।** यूरोपीय संघ रूस, जॉर्जिया और मोल्दोवा के 16 नागरिकों के खिलाफ कथित हाइब्रिड गतिविधियों के मामले में प्रतिबंध लगाने की तैयारी की है। पोलिश रेडियो ने ब्रुसेल्स स्थित प्रसारक के संवाददाता की ओर से प्राप्त सूची के हवाले से बताया कि रूस की हाइब्रिड कार्रवाइयों के लिए यूरोपीय संघ की प्रतिबंध सूची में पहली प्रविष्टियां हैं जबकि ब्लैकलिस्ट अभी भी वर्गीकृत है। प्रतिबंधित किए जाने वाले पहले समूह में 16 लोग शामिल हैं। इनमें से अधिकतर रूसी हैं और साथ ही मोल्दोवा तथा जॉर्जिया के प्रतिनिधि भी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिबंधित सूची में खुफिया अधिकारी, सैन्यकर्मी, उद्यमी, विशेषज्ञ और पत्रकार शामिल हैं।

# विजयेंद्र, मणिपड्डी ने वक्फ घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की

एजेंसी

**बेलगावी।** कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुप्पा और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिपड्डी ने कथित वक्फ घोटाले की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग की है।

श्री अनवर ने दावा किया है कि कांग्रेस नेताओं ने वक्फ संपत्ति अतिक्रमण पर उनकी रिपोर्ट को दबाने के लिए उन्हें रिश्वत देने का प्रयास किया। श्री विजयेंद्र ने सोमवार को विधानसभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को मामले को सीबीआई को सौंपने की चुनौती दी और पारदर्शिता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, सीबीआई को मेरे और अतिक्रमण में शामिल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ आरोपों की जांच करने दें। उन्होंने भाजपा के कार्यकाल के दौरान श्री मणिपड्डी को रिपोर्ट को दबाने के लिए 150 करोड़ रुपये की पेशकश करने के आरोपों का जिक्र किया। श्री मणिपड्डी ने श्री विजयेंद्र के खिलाफ रिश्वत के आरोपों से साफ इनकार किया इसके बजाय आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने उनके निष्कर्षों को रोकने के लिए उन्हें रिश्वत की पेशकश की थी।

उन्होंने कहा, अगर सिद्दारमैया को मुसलमानों के लिए न्याय की वाकई परवाह है तो उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मेरी रिपोर्ट सीबीआई को सौंपी जाए। श्री विजयेंद्र ने श्री सिद्दारमैया की पिछली सरकार पर वक्फ संपत्ति के दुरुपयोग पर 2016 की रिपोर्ट को जानबूझकर खारिज करने का आरोप लगाया जिसे उपलोकायुक्त ने पेश किया था। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने अपने नेताओं को बचाने के लिए रिपोर्ट को खारिज कर दिया। अब वे जांच को भटकाने के लिए निराधार आरोप लगा रहे हैं।

# दक्षिण कोरिया की सत्तारुढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के नेता हान ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**सोल।** दक्षिण कोरिया की सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) के नेता हान डोंग-हून ने सोमवार को पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। योनहाप समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी।



इससे पहले, श्री हान ने राष्ट्रपति के महाभियोग के लिए समर्थन व्यक्त किया, हालांकि वह शुरू में इसके खिलाफ थे। उन्होंने राष्ट्रपति के इस्तीफे की वकालत करते हुए अपनी पार्टी के सांसदों से अपनी अंतर्रात्मा की आवाज सुनकर मतदान करने का आह्वान किया। अंत में, पार्टी का आंतरिक निर्णय महाभियोग के खिलाफ मतदान करने के बावजूद 12 पीपीपी सांसदों ने उनके आह्वान का पालन किया और 'इसके पक्ष में' मतदान किया। एजेंसी ने श्री हान के हवाले से कहा, मैं पीपुल्स पावर पार्टी के नेता के रूप में पद छोड़ रहा हूं। पार्टी की सर्वोच्च परिषद के पतन के कारण पार्टी प्रमुख के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करना असंभव हो गया है। श्री हान ने कहा कि उन्होंने महाभियोग के बजाय देश के लिए बेहतर रास्ता खोजने के सभी प्रयास किये, लेकिन असफल रहे। उन्होंने 23 जुलाई को कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष चुने जाने के 146 दिन बाद इस्तीफा दिया है। संसद द्वारा राष्ट्रपति यूं सुक-योल के महाभियोग को मंजूरी दिए जाने के तुरंत बाद श्री हान ने अध्यक्ष के रूप में सेवा जारी रखने के अपने इरादे की घोषणा की, हालांकि, पार्टी की सर्वोच्च परिषद के निर्वाचित सदस्यों में से पांच ने इस्तीफा दे दिया, जिससे पार्टी नेतृत्व का स्वत: विघटन हो गया।

इससे पहले, दक्षिण कोरियाई संसद ने राष्ट्रपति के महाभियोग का समर्थन किया था, जिसमें 204 सांसदों ने राष्ट्रपति को पद से हटाने का समर्थन किया था और 85 ने इसके खिलाफ मतदान किया था। तीन सांसदों ने मतदान में भाग नहीं लिया, आठ मतपत्र अमान्य थे। दक्षिण कोरियाई संसद के सभी 300 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। संसद द्वारा महाभियोग को मंजूरी मिलने के बाद श्री सुक-योल की शक्तियों को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है।

# एक देश एक चुनाव संघीय ढांचे के खिलाफ और अव्यवहारिकः स्टालिन

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रपति की तरह का चुनाव कराने के गुप्त उद्देश्य से %एक राष्ट्र एक चुनाव% को आगे बढ़ाने का बेशर्म प्रयास कर रही है और विपक्षी 'इंडिया' समूह संसद में इस संघीय-विरोधी और अव्यवहारिक विधेयक का विरोध करेगा।



श्री स्टालिन ने कहा कि भाजपा के पास बहुमत नहीं होने के बावजूद वह उस महत्वपूर्ण कानून को पारित करने का बेधड़क प्रयास कर रही है जो भारत की राजनीति को हमेशा के लिए बदलने का खतरा पैदा कर रहा है। उन्होंने भारत इसकी विविधता और संविधान को बचाने के लिए सभी लोकतांत्रिक ताकतों से एकजुट होने और चुनावी सुधार की आड़ में थोपे गए इस घृणित कृत्य के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'इंडिया' समूह संघीय विरोधी और अव्यवहारिक एक राष्ट्र एक चुनाव का विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि यह देश को एकात्मक शासन व्यवस्था के ख़तरे में धकेल देगा और इस प्रक्रिया में इसकी विविधता और लोकतंत्र को ख़त्म कर देगा। केंद्रीय भाजपा सरकार राष्ट्रपति के लिए चुनाव आयोजित करने के एक गुप्त उद्देश्य से इसे आगे बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा, चुनाव का स्वरूप हमारे संविधान की भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यदि प्रस्तावित विधेयक पारित और कार्यान्वित होता है, तो हमारे महान संविधान के निर्माताओं द्वारा समय-समय चुनावों में लगाए गए उन सभी कानूनी नियंत्रण और संतुलन को हटा देगा जो उन्होंने देश को अराजकता और अधिनायकवाद की ओर जाने से रोकने के लिए लगाये थे। मुख्यमंत्री ने कहा, इसके अलावा, राज्य चुनाव अपना राजनीतिक महत्व खो देंगे और क्षेत्रीय भावनाएं और विविधता नष्ट हो जाएगी।

### बीपीएससी अभ्यर्थियों पर कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण : गगन

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) अभ्यर्थियों पर कार्रवाई करने के निर्णय को लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। श्री गगन ने सोमवार को कहा कि प्रश्नपत्र लीक हुआ या नहीं यह तो जांच का विषय है और किसी निष्पक्ष एजेंसी द्वारा हीं जांच होनी चाहिए। कदाचार मुक्त परीक्षा कराने की जिम्मेदारी प्रशासन और बीपीएससी की थी और जांच की जिम्मेदारी और कार्रवाई का अधिकार भी उन्हें हीं दिया जाना कहां का न्याय है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि यह बात तो प्रशासन भी स्वीकार कर चुकी है कि बहुत से अभ्यर्थियों को डेढ़ घंटे बाद में प्रश्न पत्र दिए गए साथ हीं यह बात भी सामने आ चुकी है कि प्रश्नपत्र के किसी बंडल में प्रश्न पत्रों की संख्या कम थी। और भी कई सवाल अभ्यर्थियों द्वारा उठाए गए हैं। इन सब की न्यायोचित जांच होनी चाहिए। बिहार में पिछले अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाओं और सामान्य परीक्षाओं में भी प्रश्न पत्र लीक हुए हैं और अन्य कई प्रकार से कदाचार के मामले प्रकाश में आए हैं। इसलिए बीपीएससी अभ्यर्थियों के मन में शंका होना तो स्वाभाविक है। श्री गगन ने कहा कि परीक्षा केंद्र के सहायक केन्द्राधिक्षक की मृत्यु काफी दुखद है। संभव है समय पर यदि उनका समुचित इलाज होता तो उनकी जान बच सकती थी। यह काफी मर्माहत करने वाली बात है कि सड़क जाम की वजह से उनका समय पर इलाज नहीं हो सका।

# विधानसभा चुनाव के बाद शिवसेना शिंदे गुट में अन्य पार्टी का पुनः लोगों का प्रवेश शुरू

मृत्युंजय पान्डेय

**पालघर।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम आने पर पालघर विधानसभा में मिली सफलता के बाद एक बार फिर से शिवसेना शिंदे गुट में अन्य पार्टियों के लोगों के प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी सिलसिले के बीच शिवसेना शिंदे गुट में पांचाली ग्राम पंचायत के उबठा के उपसरपंच मिनेश पाटील, पूर्व पंचायत समिति सदस्य और वर्तमान ग्राम पंचायत सदस्य चेतना म्हात्रे के अलावा अन्य ग्राम पंचायत सदस्य व उबाठा पदाधिकारियों ने शिवसेना जिला प्रमुख कुन्दन संखे की उपस्थिति में प्रवेश किया। बतादें कि शिवसेना



शिंदे गुट जिला प्रमुख कुन्दन संखे के नेतृत्व में पिछले कुछ महीनों से शिवसेना पार्टी का संगठनात्मक निर्माण तथा पार्टी प्रवेश का कार्य चल रहा है। पालघर विधानसभा चुनाव की सफलता के बाद अब एक बार फिर से शिवसेना शिंदे गुट में लोग शामिल हो रहे हैं। इसी के साथ आगामी पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव को देखते हुए शिवसेना की मोर्चेबंदी भी शुरू हो गई है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में प्रदेश में 10 लाख आवास बनेंगे

एजेंसी

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की शुरूआत हो गई है। इस योजना में प्रदेश के जरूरतमंद हितग्राहियों के लिये 10 लाख आवास बनाये जायेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस योजना का लाभ उन हितग्राहियों को दिया जायेगा, जिन्हें किसी कारण से अब तक आवास योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है।



नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मैदानी अमले को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के आवेदन संबंधी जानकारी नजदीकी नगरीय निकायों से प्राप्त की जा सकती है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये केन्द्र सरकार ने यूनीफाइड वेब पोर्टल पर भी जानकारी अपलोड की है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में 4 प्रकार के घटक शामिल किये गये हैं। हितग्राही आवेदन करते समय अपनी पात्रता और आवश्यकता के अनुसार घटक का चयन कर सकते हैं। योजना संबंधी निर्देशिका पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में देश में एक करोड़ आवास और मध्यप्रदेश में 10 लाख आवास बनाये जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 में विशेष वर्गों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। इनमें पीएम स्वनीधि योजना, भवन निर्माण श्रमिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगर, सफाई कर्मी और झुग्गी बस्ती में रहने वाले परिवार शामिल है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में अब तक 8 लाख 25 हजार जरूरतमंद हितग्राहियों के आवास निर्माण पूरे किये जा चुके हैं। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के पहले चरण में 9 लाख 45 हजार आवास स्वीकृत किये गये थे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण के क्रियान्वयन की सम्पूर्ण अवधि में मध्यप्रदेश देशभर में अग्रणी स्थान पर है। योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिये मध्यप्रदेश और प्रदेश की कई नगरीय निकायों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।

### फतेहाबाद, हिसार व सिरसा में किसानों का ट्रैक्टर मार्च

**हिसार।** किसान यूनियन के आह्वान के बाद शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में सोमवार को फतेहाबाद में भी भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ की ओर से शहर भर में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर लेकर किसान फतेहाबाद शहर से गुजरे और उसके बाद लघु सचिवालय में डेरा डाला। हालांकि पुलिस ने किसानों की लघु सचिवालय में एंट्री नहीं करने दी। मीडिया से बातचीत करते हुए भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के प्रधान राजेंद्र सिंह चहल ने बताया कि किसान यूनियन की ओर से जो भी कॉल उन्हें दी जाएगी, वो उसका समर्थन करेंगे। सरकार किसानों से बातचीत नहीं कर रही है, किसान नेता डल्लेवाल लगातार अनशन पर बने हुए हैं। आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस बीच किसानों ने कहा कि सरकार इसे केवल पंजाब का आंदोलन बता रही है, लेकिन हरियाणा और अन्य राज्यों के किसान भी इस आंदोलन में शामिल है। वहीं, शंभू - खनौरी बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों के समर्थन में हिसार के किसानों ने सोमवार को ट्रैक्टर मार्च निकाला।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes



केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए

आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007